Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 6 अंकः 292 | शुक्रवार, 24 अक्टूबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

# उत्तर भारत में सांसों पर संकट बरकरार



- पंजाब में बुधवार को 79 स्थानों पर पराली जलाई गई
- उत्तर प्रदेश के सीतापुर में पराली जलाई गई
- हरियाणा की हवा लगातार प्रदूषित हो रही है
- राजस्थान में धौलपुर सबसे प्रदूषित शहर रहा

**नई दिल्ली।**

दीवाली के चार दिन गुजरने के बाद भी उत्तर भारत में सांसों पर संकट बरकरार है। गुरुवार को केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) की ओर से जारी वायु गुणवत्ता सूचकांक(एक्यूआइ) में उत्तर भारत के कई शहरों की हवा बेहद खराब रही। विशेष रूप से एनसीआर, हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, पंजाब में वायु प्रदूषण बहुत खराब ही श्रेणी में रहा। इस बीच पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश में पराली जलाने का सिलसिला थम नहीं रहा है। पंजाब में बुधवार को 79 स्थानों पर पराली जलाई गई। उधर उत्तर प्रदेश के सीतापुर में पराली जलाने के आरोप में छह किसानों पर ढाई ढाई हजार रुपए का जुमार्ना लगाया गया। दिल्ली की वायु गुणवत्ता में गुरुवार को हल्का सुधार देखा गया, लेकिन हवा अभी भी बहुत खराब श्रेणी में बनी हुई है। दिल्ली में औसत एक्यूआइ पराह्न चार बजे 305 दर्ज किया गया। सीपीसीबी के बनाए समीर ऐप के अनुसार राजधानी में 38 निगरानी स्टेशनों में से 23 में वायु गुणवत्ता 'बहुत खराब' दर्ज की गई। जबकि 14 निगरानी स्टेशनों में हवा की गुणवत्ता 'खराब' श्रेणी में थी। उधर हरियाणा की हवा लगातार प्रदूषित हो रही है। गुरुवार को सीपीसीबी की रिपोर्ट के अनुसार देश के दस सबसे प्रदूषित शहरों में हरियाणा के पांच शहर शामिल रहे। इनमें बहादुरगढ़ (325), धारूहेड़ा (322), जींद (302), रोहतक (299), फरीदाबाद (298) और चरखी दादरी (268) प्रमुख हैं। हालांकि मेरठ के बाद अंबाला देश में 11वें नंबर पर है। वहां गुरुवार को औसत एक्यूआइ 253 रहा। बता दें बुधवार-गुरुवार की रात जींद का एक्यूआइ 400 पार कर गया था। हरियाणा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने संवेदनशील शहरों में कड़ी निगरानी, वाहनों के धुएं पर नियंत्रण, कचरा न जलाने और धूल दमन के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश जारी किए हैं। उधर पंजाब के अमृतसर, लुधियाना और जालंधर में गुरुवार को एक्यूआइ 300 से ऊपर अर्थात बहुत ही खराब श्रेणी में रहा। उत्तर प्रदेश में नोएडा और मेरठ में गुरुवार को एक्यूआइ क्रमशः 276 और 300 दर्ज किया गया। राज्य में मेरठ को सर्वाधिक प्रदूषित रहा। राजस्थान में धौलपुर सबसे प्रदूषित शहर रहा। यहां एक्यूआइ 311 दर्ज किया गया।

# भारत का एडिलेड में 17 साल से चला आ रहा विजय अभियान रुका

**एडिलेड।**



ऑस्ट्रेलिया ने भारत को दो विकेट से हराकर 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली। गुरुवार एडिलेड में खेले गए रोमांचक मुकाबले में भारत ने रोहित शर्मा और श्रेयस अय्यर की अर्धशतकीय पारियों की मदद से 50 ओवर में नौ विकेट पर 264 रन बनाए थे। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने 46.2 ओवर में आठ विकेट पर 265 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया। ऑस्ट्रेलिया ने भारत को दो विकेट से हराकर 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली। गुरुवार एडिलेड में खेले गए रोमांचक मुकाबले में भारत ने रोहित शर्मा और श्रेयस अय्यर की अर्धशतकीय पारियों की मदद से 50 ओवर में नौ विकेट पर 264 रन बनाए थे। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने 46.2 ओवर में आठ विकेट पर 265 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया। इस हार के साथ भारत का एडिलेड में चला आ रहा विजयी अभियान थम गया। इससे पहले भारत ने 2008 के बाद से इस मैदान पर कोई मैच नहीं हारा था। भारत ने आखिरी बार फरवरी, 2008 में एडिलेड में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 50 रन से हार झेली थी।

## कुरनूल हादसा

# दर्दनाक: बस में लगी भीषण आग, 20 यात्रियों की मौत

**नई दिल्ली।**





आंध्र प्रदेश के कुरनूल जिले में शुक्रवार तड़के एक बस में आग लगने से कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई है। यह हादसा कल्लूर मंडल में चिन्नाटेकुर के पास हैदराबाद-बेंगलुरू हाईवे पर हुआ। यह बस बेंगलुरु से हैदराबाद जा रही थी। आंध्र प्रदेश के कुरनूल जिले के चिन्नातेकुर के निकट एक निजी बस में दोपहिया वाहन से टक्कर के बाद आग लग गई, जिससे इस हादसे में 20 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मरने वालों में बाइक सवार एक व्यक्ति भी शामिल है। हादसे पर पीएम मोदी और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शोक जताया है। प्रारंभिक सूचना के अनुसार, हैदराबाद जा रही बस में हादसे के दौरान करीब 41 लोग सवार थे। इसमें कहा गया है कि टक्कर के बाद मोटरसाइकिल बस के नीचे आ गयी और इसके ईंधन टैंक का ढक्कन खुल गया जिससे आग लग गई। कुरनूल संभाग के पुलिस उप महानिरीक्षक कोया प्रवीण ने बताया, 19 यात्री, दो बच्चे और दो चालक इस दुर्घटना में बाल-बाल बच गए। पुलिस ने बताया कि शॉर्ट सर्किट के कारण बस का दरवाजा जाम हो गया और कुछ ही मिनटों में बस पूरी तरह जलकर खाक हो गई। कुरनूल के जिला कलेक्टर डॉ ए सिरी ने बताया, यह दुर्घटना सुबह 3 से 3:10 बजे के बीच हुई जब बस एक बाइक से टकरा गई, जिससे ईंधन रिसाव हुआ और आग लग गई। 41 यात्रियों में से 21 को सुरक्षित बचा लिया गया है। बाकी 20 में से 11 के शवों की अब तक पहचान हो पाई है। बाकी की पहचान के प्रयास जारी हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को आंध्र प्रदेश में एक बस में आग लगने के कारण लोगों की हुयी मौत पर शोक प्रकट किया और इस दुर्घटना को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया। राष्ट्रपति ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, आंध्र प्रदेश के कुरनूल में एक दुखद बस अग्निकांड में हुई मौतों की खबर बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। मैं शोक संतप्त परिवार के सदस्यों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करती हूं, और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने के लिये प्रार्थना करती हूं।

## सीएम योगी का बड़ा फैसला

# फायर सर्विस में जल्द बनेगी स्पेशलाइज्ड यूनिट

**लखनऊ।**



मुख्यमंत्री के निदेर्शों के उपरान्त विभाग में राजपत्रित संवर्ग के 98 व राजपत्रित संवर्ग के लगभग 922 नए पद सृजित होने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। सीएम योगी ने कहा, प्रदेश में बढ़ती जनसंख्या, औद्योगिक विस्तार और शहरीकरण की गति को देखते हुए अग्निशमन विभाग की संरचना को अधिक सशक्त, आधुनिक व जनसुरक्षा की दृष्टि से संवेदनशील बनाना समय की आवश्यकता है। फायर सर्विस को केवल आग बुझाने तक सीमित न रखकर इसे आपदा प्रबन्धन, रेस्क्यू ऑपरेशन और आपात सेवाओं के समेकित स्वरूप में विकसित किया जाए। सीएम योगी अपने सरकारी आवास पर अग्निशमन एवं आपात सेवा विभाग के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने विभागीय कैडर रिव्यू की आवश्यकता जताते हुए निर्देश दिए कि प्रत्येक रीजन में स्पेशलाइज्ड यूनिट गठित की जाए, जो केमिकल, बायोलॉजिकल, रेडियोलॉजिकल दुर्घटनाओं व सुपर हाईराइज बिल्डिंग जैसी परिस्थितियों से निपटने में सक्षम हो। मुख्यमंत्री ने फायर सर्विस को अत्याधुनिक उपकरणों और प्रशिक्षित जनशक्ति से सुसज्जित करने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक जिले में फायर एवं आपात सेवाओं की त्वरित उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। एक्सप्रेस-वे पर बढ़ती दुर्घटनाओं को देखते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक 100 किलोमीटर की दूरी पर फायर टेण्डर सहित एक छोटी फायर चौकी स्थापित की जाए।

# छठ पर रेलवे चलाएगा 1205 स्पेशल ट्रेनें



**नई दिल्ली।**

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि त्योहारी मौसम में रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की भीड़ पर मंडल, जोन और रेलवे बोर्ड स्तर पर नजर रखी जा रही है। रेल भवन के वॉर रूम में संवाददाताओं से बातचीत में वैष्णव ने कहा कि सभी मंडल और जोन सीसीटीवी कैमरों की मदद से स्टेशन पर यात्रियों के आगमन पर नजर रख रहे हैं। रेलवे बोर्ड का वॉर रूम निगरानी के तीसरे स्तर के रूप में काम करता है। यही नहीं, नियमित ट्रेनों के अलावा छठ पर्व पर भीड़ को देखते हुए अगले चार दिनों में 1,205 विशेष ट्रेनें चलाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि जिन प्रमुख रेलवे स्टेशन पर भारी भीड़ की आशंका है, उन पर लगातार नजर रखी जा रही है। जब भी यात्रियों की भीड़ बढ़ती है तो संबंधित अधिकारी तत्काल कार्रवाई करते हुए भीड़ नियंत्रण के अतिरिक्त उपाय करते हैं। वॉर रूम में लगाए गए एक बड़े मॉनिटर की ओर इशारा करते हुए रेल मंत्री ने कहा कि रेल भवन से सभी प्रमुख स्टेशन पर नजर रखी जा सकेगी। विशेष तथा अन्य ट्रेन के परिचालन की भी वास्तविक समय में समीक्षा की जा सकेगी। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर स्थायी होल्डिंग क्षेत्र त्योहारों के दौरान भीड़ को संभालने और उसका प्रबंधन करने में उपयोगी साबित हुआ है।

## बिहार में आज से पीएम मोदी का चुनावी शंखनाद

**पटना।** बिहार में विधानसभा चुनाव को लेकर प्रचार-प्रसार दौर शुरू हो चुका है। इसी कड़ी में 24 अक्तूबर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने चुनावी अभियान का शंखनाद करने जा रहे हैं। पीएम मोदी शुक्रवार को दो बड़ी जनसभाओं को संबोधित करेंगे। बिहार में विधानसभा चुनाव का बिगुल फूंकने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तैयार हैं। पीएम मोदी शुक्रवार (24 अक्तूबर) को समस्तीपुर से चुनावी अभियान का शंखनाद करेंगे। इसी के साथ दो बड़ी जनसभाओं को संबोधित करेंगे।

# भारतीय नौसेना को मिला पहला पनडुब्बी रोधी 'माहे' युद्धपोत



**कोच्चि।**

कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (सीएसएल) ने स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट (एएसडब्ल्यू एसडब्ल्यूसी) 'माहे' गुरुवार को भारतीय नौसेना को सौंप दिया। यह आठ एएसडब्ल्यू एसडब्ल्यूसी की श्रृंखला का पहला पोत है। सीएसएल के अनुसार, स्वीकृति पत्र पर कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड के निदेशक (संचालन) डा. एस. हरिकृष्णन और माहे के कमांडिंग ऑफिसर (नामित) कमांडर अमित चंद्र चौबे ने हस्ताक्षर किए। सीएसएल के बयान में कहा गया है कि 78 मीटर लंबा यह पोत डीजल इंजन-वाटरजेट संयोजन से संचालित होने वाला सबसे बड़ा भारतीय नौसैनिक युद्धपोत है। इसमें 90 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री का उपयोग किया गया है। इसे पानी के भीतर निगरानी, खोज और बचाव कार्यों और कम तीव्रता वाले समुद्री अभियानों (लिमो) के लिए डिजाइन किया गया है।

# पीएम मोदी कपूर्री ग्राम से आज शुरू करेंगे चुनाव प्रचार, मंच पर होंगे 10 प्रत्याशी

**पटना।**

विधानसभा चुनाव प्रचार अभियान का आरंभ शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक मुश्त 37 प्रतिशत अतिपिछड़ा वोट बैंक को साधने से करेंगे। मिथिलांचल में एनडीए का लक्ष्य विजय प्राप्त करने के लिए पचपनियां (पांच जातियों वाले) वोट बैंक को साधने की है। बिहार की राजनीति में अतिपिछड़ा वोट बैंक निर्णायक है। संभवतः इसी उद्देश्य से प्रधानमंत्री ने भारत रत्न जननायक पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत कपूर्री ठाकुर के गांव से चुनाव प्रचार का बिगुल फूंकेंगे। वे जननायक की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। इसके उपरांत प्रधानमंत्री राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर के गृह जिले बेगूसराय में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। एनडीए की ओर से दोनों ही सभा में 10-10 विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशियों की मंच उपस्थिति रहेगी। प्रधानमंत्री के संबोधन से पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं एनडीए के अन्य शीर्ष नेता जन समूह को संबोधित करेंगे। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं विजय सिन्हा के अतिरिक्त दोनों जनसभा में जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा, विजय चौधरी, लोजपा (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान, केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी एवं रालोमो के प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा एनडीए प्रत्याशियों को विजयी बनाने की अपील करेंगे।

### मिथिलांचल से दूरगामी लक्ष्य

प्रधानमंत्री की दोनों जनसभा का उद्देश्य सामाजिक एवं राजनीतिक समीकरणों को साधने के साथ ही एनडीए का विस्तार करना है। विशेषकर मिथिलांचल में 2020 के विधानसभा चुनाव में मिली सीटों के बचाने के साथ-साथ एनडीए के हाथ से फिसली हुई सीटों को महागठबंधन से झटकने की है। वर्तमान में समस्तीपुर जिले में आधी-आधी तो बेगूसराय जिले की सात में मात्र तीन सीटों पर एनडीए के विधायक हैं। ऐसे में भाजपा के साथ एनडीए का लक्ष्य किसी तरह खोई हुई सीटें झटकने की है।



## संपादक की कलम से

# हलाल के चिंतित मायने

उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हलाल प्रमाणन वाले उत्पाद इस्तेमाल नहीं करने का आह्वान किया है। उन्होंने इसे आतंकवाद, इस्लामी धर्मान्तरण, लव जेहाद आदि हिन्दू–विरोधी गतिविधियों से जोड़ा है। योगी के मुताबिक, इस प्रमाणन का काफी पैसा आतंकवाद और धर्मान्तरण पर खर्च किया जाता है। यह देश की जनसंख्या के समीकरण बदलने की इस्लामी साजिश है। बिहार में चुनाव का मौसम है और योगी भाजपा के स्टार प्रचारकों में एक हैं। उन्होंने राजनीतिक इस्लाम का मुद्दा भी उठाया है। चूंकि योगी आदित्यनाथ धुर हिन्दूवादी नेता हैं और उन्होंने 2023 से उप्र में हलाल प्रमाणन पर पाबंदी थोप रखी है, लिहाजा उनके आरोप और आह्वान सियासी भी हो सकते हैं। चुनाव के दौरान हिन्दू–मुसलमान ध्रुवीकरण के वह सूत्रधार रहे हैं, लेकिन देश में हलाल प्रमाणन की सिर्फ 4 संस्थाएं हैं। चारों इस्लामी हैं। सरकार इस प्रमाणन से तटस्थ रही है। सवाल किया जा सकता है कि ऐसा क्यों? जबकि भारत सरकार के वाणिज्य मंत्रालय ने ही इन निजी संस्थाओं को हलाल प्रमाणन के लिए अधिकृत किया है, लिहाजा ये किसी भी संदर्भ में अवैध नहीं हैं। भारत सरकार की अनुमति के बिना हलाल ठप्पे वाले उत्पादों का निर्यात नहीं किया जा सकता। हलाल प्रमाणन सिर्फ मांस तक ही सीमित नहीं है। हालांकि इस प्रमाणन का चलन 1974 में मांस के लिए ही हुआ था, लेकिन 1993 में अन्य उत्पादों पर भी लागू कर दिया गया। अब दूध, दही, पनीर जैसे डेयरी उत्पाद, बिस्कुट, चिप्स, कोल्ड ड्रिंक, मसाले, तेल सरीखे शाकाहारी उत्पाद, फलियां, मेवे, अनाज और चीनी आदि भी हलाल प्रमाणन के दायरे में हैं। यह दलील दी जाती रही है कि उत्पादों में हराम अथवा निषिद्ध सामग्री (सूअर का मांस और शराब आदि) का उपयोग तो नहीं किया गया, उसके लिए हलाल प्रमाणन अनिवार्य है। बेहद अहम सवाल है कि माचिस, चाय की प्याली, सरिया, सीमेंट, फ्लैट आदि में गैर–इस्लामी सामग्री का कैसे इस्तेमाल किया जा सकता है? लेकिन उन पर भी यह प्रमाणन अनिवार्य है। हास्यास्पद् है कि स्कूल, अस्पताल और अर्थव्यवस्था को भी हलाल करार देने की कोशिशें जारी हैं। कुछ कामयाब भी रही हैं। केंद्र में कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार के दौरान भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर रघुराम राजन ने यह विचार दिया था कि बैंकिंग क्षेत्र को भी हलाल प्रमाणन के दायरे में लाया जाए। यह दीगर है कि ऐसा राजनीतिक तौर पर संभव नहीं हो सका। कई दवाएं और सौन्दर्य प्रसाधन के उत्पाद हलाल की निगरानी में हो सकते हैं, क्योंकि उनमें गैर–इस्लामी, निषिद्ध सामग्री इस्तेमाल की जाती रही है। यह सार्वजनिक मान्यता भी है। भारत में करीब 3200 उत्पाद हलाल के ठप्पे के साथ बिकते हैं। हलाल प्रमाणन की अर्थव्यवस्था ही करीब 8 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच चुकी है। कंपनियां इस प्रमाणन के लिए करीब 66,000 करोड़ रुपए खर्च करती हैं। क्या इस पूरी अर्थव्यवस्था का कोई अधिकृत ऑडिट कराया जाता है? दो अहम सवाल प्रासंगिक हैं। एक, भारत सरकार के पास जांच का सम्यक आधारभूत ढांचा है, तो ऐसा प्रमाणन सरकार या उसकी एजेंसियां क्यों नहीं जारी कर सकतीं? दूसरे, यह लाइसेंस जमीयत उलेमा ए हिन्द, हलाल इंडिया प्रा. लिमि., जमीयत उलेमा ए महाराष्ट्र और हलाल सर्टिफिकेशन सर्विसेज इंडिया प्रा. लिमि. इन चार संस्थाओं को ही क्यों दिए गए? क्या इनके पास हलाल जांचने और तय करने की तमाम कसौटियां उपलब्ध हैं? किसी गैर–इस्लामी संस्था को यह लाइसेंस क्यों नहीं दिया जा सकता? वह ज्यादा तटस्थ और ईमानदार साबित हो सकती है। यह इस्लामी चक्रव्यूह रचा गया है।



ललित शर्मा
संपादक

## मोनिका डागा

## गृहलक्ष्मी

## कविता



गृहलक्ष्मी को पूर्ण परिभाषित करना नहीं है इतना भी सरल,
उसका पद, महत्व और सहभागिता जीवन में सबके है अविरल,
माता, बहन, पत्नी, बेटी और बहू हर रंग रूप उसमें हैं समाया,
वसुंधरा पर वो ईश्वर की भेजी हुई एक सकारात्मक प्रति छाया ।

सत्य संकल्प लेकर करती है वो अपरिचित सृष्टि में पदार्पण,
मुस्कुराहटों में गम छिपा करती जीवन के प्रतिपल को अर्पण,
निर्मल निश्छल मन उसका सहमी–सहमी वो हृदय की भावुक,
समय चक्र के फेरे में हो जाती परिपक्व कुसुमित कली नाजुक ।

पीहर और ससुराल पक्ष से जोड़े रखें वो प्रेम का अनूठा सम्बन्ध,
स्नेह उसका समरस पारदर्शी भावों की बिखरी भीनी सी सुगंध,
निभाती नि:संकोच तटस्थ वो आखिरी श्वास स्पंदन तक वादा,
समझने वाला उसे हो कोई ढूंढती जीवन पर्यन्त ऐसा मन वो सादा ।

किस्मत की टेढ़ी–मेढी.लकीरों से शिकायत कभी भी न करती,
परिवार में नव चेतना ₹आनंद₹ सृजन नव रस वो नित ही भरती,
घर को स्वर्ग बनाती खन–खन बजती उसकी रंग बिरंगी चूड़ियॉं,
त्योहारों की रौनक उससे सजती इन्द्रधनुषी ख्वाबों की दुनिया ।

ममत्व, त्याग, तप, साहस और सरस समर्पण उसका हैं बेजोड़,
शक्ति वो नव बीज को चैतन्य कर लक्ष्य की ओर देती हैं मोड़,
प्रेम माला में एक सूत्र में पिरोती वो परिवार के नगीने चमकीले,
उसने समझे और करें ताल–मेल स्वर सप्तक सुर, लय सुरीले ।

संघर्षों को नजरंदाज कर हम मृदुभाषिणी को कर देते हैं मूक,
मान गृहलक्ष्मी का प्रथम करना होगा मगर कर बैठते हैं हम चूक,
लक्ष्मी की चाहत हैं रखते और जाने–अंजाने में कर देते बड़ी भूल,
गृहलक्ष्मी को आदर न दे, महत्वहीन बता बोते हैं जीवन में शूल ।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# छठ महापर्व 25-28 अक्टूबर 2025

# आस्था, श्रद्धा और आत्मसंयम का अलौकिक उत्सव - सूर्योपासना का अद्भुत वैश्विक प्रतीक



गोंदिया




वैश्विक स्तरपर छठ पर्व भारत की उन प्राचीनतम और शुद्धतम परंपराओं में से एक है,जोआस्था श्रद्धा और आत्मसंयम की पराकाष्ठा को दशार्ती है। यह पर्व केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि यह जीवन की पवित्रता, प्रकृति के प्रति कृतज्ञता और पारिवारिक सुख-समृद्धि का अद्भुत संगम है। छठ महापर्व को सूर्य उपासना का सबसे पवित्र पर्व माना गया है।हिंदू धर्म में सूर्य देवता को जीवनदाता, स्वास्थ्य और ऊर्जा का स्त्रोत माना गया है। छठ पूजा में सूर्य भगवान और उनकी पत्नी उषा (प्रातःकालीन किरण) तथा प्रत्यूषा (सायंकालीन किरण) की पूजा की जाती है।मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि यह पर्व हमें याद दिलाता है कि जीवन में आत्मसंयम, अनुशासन और प्रकृति के प्रति आभार का भाव ही सच्चा धर्म है। यह त्योहार बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ और नेपाल के तराई क्षेत्रों में विशेष भव्यता के साथ मनाया जाता है, परंतु अब यह भारत की सीमाओं से परे अमेरिका, मॉरीशस, यूके, कनाडा, दुबई, दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया तक एक वैश्विक सांस्कृतिक पहचान बन चुका है।

छठ महापर्व 2025 दिवाली के छह दिन बाद,अर्थात 25 से 28 अक्टूबर 2025 के बीच मनाया जाएगा।हालांकि इस साल 2025 में भी दो दिन दिवाली मनाए जाने के बीच अब लोगों में छठ पूजा की तारीख को लेकर कन्फ्यूजन बना हुआ है,कई स्थानों पर 27 से 30 अक्टूबर को मनाए जाने की भी संभावना दिख रही है इन चार दिनों तक चलने वाले इस अनुष्ठान में स्नान, व्रत, उपवास, शुद्ध आहार, नदी या तालाब के किनारे सूर्योपासना और परिवार की मंगलकामना के साथ सच्चे आत्म-संयम का पालन किया जाता है।छठ महापर्व 2025 की तारीखें और पंचांग आधारित विवरण इस प्रकार है,छठ पूजा 2025 की शुरूआत 25 अक्टूबर को नहाय-खाय के साथ होगी और 28 अक्टूबर को उषा अर्घ्य देकर इसका समापन होगा।25 अक्टूबर 2025, नहाय खाय (पहला दिन), 26 अक्टूबर 2025-खरना या लोहंडा (दूसरा दिन), 27 अक्टूबर 2025-संध्या अर्घ्य (तीसरा दिन)28 अक्टूबर 2025-उषा अर्घ्य (चौथा दिन) यह चार दिन सूर्य पूजा की प्रक्रिया का क्रम है, जिसमें प्रत्येक चरण का आध्यात्मिक और वैज्ञानिक दोनों दृष्टियों से गहरा महत्व है। छठ महापर्व का सबसे बड़ा आकर्षण यह है कि इसमें न कोई मूर्ति होती है,न कोई पंडित और न ही कोई दिखावा, केवल शुद्ध मन, जल, सूर्य और श्रद्धा। यही इसकी सबसे बड़ी विशेषता है, जो इसे मानवता का सार्वभौमिक उत्सव बनाती है। साथियों बात अगर हम,चार दिवसिया सूर्य पूजा की प्रक्रिया के क्रम को गहराई से समझने की करें तो, पहला दिन, नहाय- खाय-शुद्धता की शुरूआत छठ पर्व की शुरूआत नहाय-खाय से होती है।यह दिन पूर्ण शुद्धता और आत्मसंयम का आरंभिक चरण है। व्रती (जो पूजा करती हैं) सबसे पहले पवित्र नदी, तालाब या जलस्त्रोत में स्नान करती हैं।फिर घर लौटकर रसोई और पूरे घर की शुद्धता सुनिश्चित की जाती है। इस दिन का भोजन केवल एक बार ग्रहण किया जाता है,आमतौर पर लौकी-भात और चने की दाल का प्रसाद बनता है, जो मिट्टी के चूल्हे पर शुद्ध गंगाजल और आम की लकड़ी से तैयार किया जाता है।नहाय-खाय के माध्यम से शरीर और मन को पवित्र करने का संदेश मिलता है। यह व्रती को आने वाले 36 घंटे के निर्जला उपवास के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से तैयार करता है। दूसरा दिन- खरना (लोहंडा) : आत्मसंयम और तपस्या का प्रतीक, छठ का दूसरा दिन खरना कहलाता है, जो व्रत की आत्मिक यात्रा का सबसे कठिन और पवित्र चरण है। इस दिन व्रती पूरे दिन निर्जला उपवास रखती हैं। सूर्यास्त के बाद मिट्टी के चूल्हे पर खीर (गुड़ और चावल से बनी), रोटी और केला का प्रसाद बनाया जाता है। यह प्रसाद पहले सूर्य देवता को अर्पित किया जाता है, फिर घर के सभी सदस्य एक साथ इसे ग्रहण करते हैं।खरना आत्मसंयम और समर्पण की परीक्षा है। इस दिन व्रती जल तक नहीं पीतीं। यह व्रत केवल शारीरिक तपस्या नहीं, बल्कि मन, इंद्रिय और विचारों की शुद्धि का महायज्ञ है। वैज्ञानिक दृष्टि से भी यह उपवास शरीर की विषाक्तता को समाप्त करने और प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करने में सहायक माना गया है। तीसरा दिन,संध्या अर्घ्य-अस्ताचलगामी सूर्य की उपासनातीसरे दिन का सबसे प्रमुख आयोजन संध्या अर्घ्य का होता है।

इस दिन व्रती पूरे दिन निर्जल व्रत रखती हैं और शाम को नदी, तालाब, झील या कृत्रिम जलाशय में स्नान कर सूर्यास्त के समय अस्त होते सूर्य को अर्घ्य अर्पित करती हैं। अर्घ्य के लिए बांस की सूप (डाल) में पूजा की सामग्री रखी जाती है,जैसे ठेकुआ, फल, ईख, नारियल, दीपक, और पाँच प्रकार के मौसमी फल। सूर्य भगवान की आराधना के समय पूरावातावरण छठ माता की जय और सूर्य देवता की जय के उद्घोष से गूंज उठता है।यह दृश्य केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और पर्यावरणीय संतुलन का भी प्रतीक बन जाता है। महिलाएं लाल या पीले रंग की साड़ी पहनती हैं,जो ऊर्जा और समर्पण का प्रतीक है। घाटों पर दीपों की श्रृंखलाएँ जल उठती हैं, जो ब्रह्मांडीय ऊर्जा और प्रकाश के माध्यम से अंधकार के नाश का संकेत देती हैं।चौथा दिन-उषा अर्घ्य :उदय होते सूर्य का अभिवादन।छठ महापर्व का अंतिम और सबसे महत्वपूर्ण दिन होता है- उषा अर्घ्य का। प्रातः काल, जब सूर्य की पहली किरण क्षितिज पर दिखाई देती है, तब व्रती जल में खड़े होकर सूर्य देवता को अर्घ्य देती हैं। यह अर्घ्य आने वाले जीवन के नवप्रकाश, नई ऊर्जा और परिवार की दीघार्यु का प्रतीक है।इस दिन श्रद्धालु सूर्य देवता को दूध, जल, गंगाजल, पुष्प और फल अर्पित करते हैं। व्रती सूर्य की आराधना के बाद प्रणाम कर अपने व्रत का समापन करती हैं और फिर घर लौटकर परना करती हैं, यानी व्रत खोलती हैं। यह क्षण केवल व्रती के लिए नहीं, पूरे परिवार और समाज के लिए भी आत्मिक प्रसन्नता का होता है। साथियों बात अगर हम छठ व्रत की वैज्ञानिक और पर्यावरणीय दृष्टि व सामाजिक और नारी-शक्ति का पर्व के रूप में समझने की करें तो,छठ महापर्व को यदि वैज्ञानिक दृष्टिकोण से देखा जाए तो यह सूर्योपासना के माध्यम से जीवन ऊर्जा के संरक्षण का पर्व है। सूर्य हमारे शरीर में विटामिन-डी का प्रमुख स्त्रोत है,जोप्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करता है। जब व्रती जल में खड़े होकर सूर्य की किरणों को ग्रहण करती हैं, तो इससे शरीर और मन दोनों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।साथ ही, यह पर्व पर्यावरण- संरक्षण का उत्कृष्ट उदाहरण है। पूजा में केवल प्राकृतिक वस्तुओं का उपयोग होता है,बांस, मिट्टी, फल, ईख, और प्राकृतिक जल इसमें किसी प्रकार के प्लास्टिक या रासायनिक उत्पाद का प्रयोग नहीं किया जाता। छठ पूजा हमें यह सिखाती है कि मानव और प्रकृति के बीच संतुलन ही स्थायी समृद्धि की कुंजी है सामाजिक और नारी-शक्ति का पर्व-छठ महापर्व नारी की अडिग आस्था और संकल्प-शक्ति का सर्वोच्च उदाहरण है। 36 घंटे का निर्जला उपवास केवल शारीरिक सहनशक्ति नहीं, बल्कि आत्मिक दृढ़ता का प्रतीक है। इस पर्व में नारी परिवार की सुख-शांति और संतान की दीघार्यु के लिए स्वयं को पूरी तरह समर्पित कर देती है।साथ ही,यह पर्व सामाजिक समानता का भी प्रतीक है, इसमें जाति, वर्ग या आर्थिक स्थिति का कोई भेदभाव नहीं होता। सभी लोग मिलकर घाटों की सफाई, सजावट और प्रसाद-वितरण में भाग लेते हैं। यह सामूहिकता भारत की वसुधैव कुटुंबकम्की भावना को साकार करती है। साथियों बात अगर हम छठ महापर्व के आध्यात्मिकसंदेश को समझने की करें तो,छठ केवल सूर्योपासना नहीं, बल्कि यह मनुष्य और ब्रह्मांड के बीच संवाद का माध्यम है। यह पर्व हमें यह सिखाता है कि प्रकृति का प्रत्येक तत्व,जल, वायु, अग्नि,पृथ्वी और आकाश हमारे अस्तित्व का आधार है। जब हम सूर्य को अर्घ्य देते हैं, तो हम अपने भीतर की अंधकारमय प्रवृत्तियों, अहंकार ईर्ष्या, आलस्य और क्रोध को भी समर्पित करते हैं, ताकि जीवन में प्रकाश, शांति और संतुलन बना रहे। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि,छठ महापर्व मानवता और प्रकृति के समरस सह-अस्तित्व का प्रतीक हैं,छठ महापर्व 2025 केवल बिहार या उत्तर प्रदेश का नहीं, बल्कि अब यह भारत की आत्मा और भारतीयता का वैश्विक प्रतीक बन चुका है। यह पर्व हमें यह संदेश देता है कि सच्ची समृद्धि पूजा में नहीं, बल्कि प्रकृति, अनुशासन और श्रद्धा के संतुलन में है।जब गंगा, यमुना, सरयू, सोन या किसी भी जलाशय के तट पर लाखों दीपक जलते हैं और महिलाएं सूर्य को अर्घ्य देती हैं, तब वह दृश्य केवल एक धार्मिक क्रिया नहीं, बल्कि आध्यात्मिक ऊर्जा का महासागर बन जाता है जो मानवता को जोड़ता है,आत्मा को निर्मल करता है और हमें जीवन के परम सत्य की ओर ले जाता है। छठ महापर्व 2025 सचमुच यह याद दिलाएगा कि भारत की परंपराएँ केवल अनुष्ठान नहीं, बल्कि वे जीवन के दर्शन, अनुशासन और आत्मसंयम की अमर पाठशालाएँ हैं,जो युगों तक मानवता को प्रकाश देती रहेंगी।

# त्योहारों से आगे की सच्चाईः भारतीय शहरों में वायु प्रदूषण सालभर का संकट



प्रियंका सौरभ

भारत के अधिकांश शहरों में वायु प्रदूषण को गलत रूप से एक मौसमी या त्योहार-केन्द्रित समस्या समझा जाता है। दिवाली या सर्दियों के बाद यह चर्चा गायब हो जाती है, जबकि प्रदूषण के स्त्रोत वाहन, उद्योग, निर्माण धूल, और पराली जलाना पूरे वर्ष सक्रिय रहते हैं। इस अस्थायी सोच के कारण नीतियाँ भी प्रतिक्रियात्मक बन जाती हैं। भारत को स्वच्छ ऊर्जा, सार्वजनिक परिवहन, सतत कृषि, औद्योगिक सुधार और नागरिक सहभागिता को जोड़कर एक दीर्घकालिक, वैज्ञानिक और व्यवहार-आधारित रणनीति अपनानी होगी ताकि स्वच्छ हवा सभी का अधिकार बन सके।

भारतीय शहरों में वायु प्रदूषण आज केवल पर्यावरण की समस्या नहीं, बल्कि स्वास्थ्य, अर्थव्यवस्था और सामाजिक स्थिरता से जुड़ा गहन संकट बन चुका है। हर वर्ष जब सर्दियाँ आती हैं या दिवाली का पर्व नजदीक होता है, तब देश भर में वायु प्रदूषण पर अचानक चचाएँ तेज हो जाती हैं। समाचार चैनल, अखबार और सोशल मीडिया पर धुंध और स्मॉग की तस्वीरें छा जाती हैं। कुछ हफ्तों के लिए लोग मास्क पहनते हैं, सरकारें आपात योजनाएँ बनाती हैं और फिर धीरे-धीरे यह विषय भूल जाता है। यही प्रवृत्ति–जिसमें प्रदूषण को केवल कुछ दिनों की मौसमी समस्या माना जाता है–वास्तव में सबसे बड़ी गलती है। क्योंकि वायु प्रदूषण भारत में कोई त्योहारों तक सीमित या अस्थायी समस्या नहीं, बल्कि पूरे वर्ष चलने वाली बहु-स्त्रोत और बहु-क्षेत्रीय चुनौती है।

भारत के अधिकांश शहरों में हवा की गुणवत्ता सालभर खराब बनी रहती है। विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट वर्ष 2024 के अनुसार, दुनिया के दस सबसे प्रदूषित शहरों में से नौ भारत में हैं, जिनमें दिल्ली, गाज़ियाबाद, भिवाड़ी, फरीदाबाद और लुधियाना प्रमुख हैं। दिल्ली का औसत पीएम 2.5 स्तर विश्व स्वास्थ्य संगठन की सीमा से अठारह गुना अधिक पाया गया। यदि इसे केवल दिवाली के समय पटाखों से जोड़ दिया जाए, तो यह वास्तविक समस्या की गहराई को छिपा देता है। प्रदूषण के मुख्य कारण वर्षभर सक्रिय रहते हैं–वाहनों से निकलने वाला धुआँ, उद्योगों के उत्सर्जन, निर्माण कार्य की धूल, कचरा और पराली का दहन, थर्मल पावर संयंत्रों से निकलते गैस कण, और घरेलू ईंधनों का प्रयोग।

समस्या को केवल मौसमी मान लेने से नीतियाँ भी प्रतिक्रियात्मक हो जाती हैं। सरकारें तब सक्रिय होती हैं जब प्रदूषण चरम पर पहुँच जाता है। कुछ दिनों के लिए स्कूल बंद कर दिए जाते हैं, वाहनों के लिए ऑड-ईवन योजना लागू होती है, पटाखों पर रोक लगाई जाती है या निर्माण गतिविधियों को अस्थायी रूप से बंद कर दिया जाता है। ये कदम अस्थायी राहत तो देते हैं, परंतु मूल कारणों को नहीं मिटाते। जैसे ही मौसम बदलता है, सारी नीतियाँ ठंडी पड़ जाती हैं। यह दृष्टिकोण समस्या को टालने का है, हल करने का नहीं। वायु प्रदूषण का प्रभाव केवल कुछ हफ्तों तक सीमित नहीं रहता। यह पूरे वर्ष हमारे शरीर पर असर डालता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, भारत में हर साल लगभग सत्रह लाख लोगों की अकाल मृत्यु वायु प्रदूषण से होती है। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के एक अध्ययन में पाया गया कि दिल्ली में बच्चों में अस्थमा, एलर्जी और फेफड़ों की बीमारियों के मामलों में पूरे वर्ष दस से पंद्रह प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। यह सिद्ध करता है कि प्रदूषण का दुष्प्रभाव मौसमी नहीं, स्थायी है। इसके साथ ही यह अर्थव्यवस्था को भी गंभीर रूप से प्रभावित करता है। विश्व बैंक की 2023 की रिपोर्ट बताती है कि भारत को हर वर्ष वायु प्रदूषण के कारण सकल घरेलू उत्पाद का लगभग एक दशमांश से अधिक नुकसान होता है। कार्य दिवसों की हानि, स्वास्थ्य व्यय में वृद्धि, उत्पादकता में कमी और चिकित्सा भार में बढ़ोतरी से देश की आर्थिक प्रगति प्रभावित होती है। यदि वायु प्रदूषण के स्त्रोतों की बात की जाए, तो परिवहन क्षेत्र इसका सबसे बड़ा कारण है। भारत में करोड़ों वाहन सड़कों पर हैं, जिनमें अधिकांश पेट्रोल या डीजल पर चलते हैं। पुराने ट्रक और बसें भारी मात्रा में धुआँ छोड़ती हैं। छोटे वाहनों की संख्या इतनी अधिक है कि उनके उत्सर्जन से हवा में नाइट्रोजन ऑक्साइड और सूक्ष्म कणों की मात्रा लगातार बढ़ती जा रही है। औद्योगिक क्षेत्र भी प्रदूषण में बड़ा योगदान देता है। कई छोटे और मध्यम उद्योग अभी तक स्वच्छ ईंधन का उपयोग नहीं करते। पुराने बॉयलर और कोयले पर आधारित संयंत्र सल्फर डाइऑक्साइड और धात्विक कण उत्सर्जित करते हैं। निर्माण कार्यों से उठने वाली धूल भी बड़े पैमाने पर प्रदूषण फैलाती है। सड़कों पर खुली मिट्टी, निर्माण सामग्री का खुले में ढेर, और बिना आवरण के ट्रकों द्वारा रेत और सीमेंट का परिवहन हवा में कण फैलाता है। इसी तरह, हर साल पंजाब और हरियाणा में पराली जलाने की घटनाएँ उत्तर भारत के शहरों की हवा को जहरीला बना देती हैं। शोध बताते हैं कि पराली जलाने से दिल्ली और आसपास के इलाकों में प्रदूषण के स्तर में 30 से 40 प्रतिशत तक की वृद्धि होती है। घरेलू ईंधन जैसे लकड़ी, कोयला या गोबर केक जलाने से भी खासकर गरीब परिवारों में प्रदूषण का स्तर बहुत बढ़ जाता है। कोयला आधारित बिजली संयंत्र अभी भी देश की ऊर्जा का लगभग साठ प्रतिशत हिस्सा देते हैं, और इनमें से कई पुराने संयंत्र प्रदूषण नियंत्रण उपकरणों के बिना चल रहे हैं। इन सभी स्त्रोतों पर नियंत्रण के लिए आवश्यक है कि नीति और शासन में दीर्घकालिक दृष्टिकोण अपनाया जाए। केंद्र, राज्य और नगर निकायों के बीच समन्वय की कमी आज भी एक बड़ी बाधा है।

कई शहरों में वायु गुणवत्ता निगरानी केंद्र तक नहीं हैं, जिससे वास्तविक आंकड़े उपलब्ध नहीं हो पाते। जन-जागरूकता का स्तर भी बेहद कम है। नागरिक प्रदूषण को केवल खराब वायु के दिनों से जोड़ते हैं, न कि इसे अपनी दैनिक जिम्मेदारी मानते हैं। जब तक समाज में यह चेतना नहीं आएगी कि स्वच्छ हवा सबकी साझी जिम्मेदारी है, तब तक किसी नीति का पूरा प्रभाव नहीं दिखेगा। भारत ने वर्ष 2019 में राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम शुरू किया, जिसका उद्देश्य 2026 तक प्रमुख शहरों में प्रदूषण के स्तर को 40 प्रतिशत तक घटाना है। यह एक सराहनीय पहल है, परंतु इसे केवल बजटीय घोषणा न बनाकर, सख़्त निगरानी और स्थानीय क्रियान्वयन के साथ लागू करना होगा। हर शहर की भौगोलिक और औद्योगिक स्थिति अलग है, इसलिए एक समान नीति के बजाय शहर-विशिष्ट कार्ययोजना बनानी होगी। परिवहन क्षेत्र में स्वच्छ ऊर्जा की ओर तेजी से बढ़ना होगा। सीएनजी, इलेक्ट्रिक वाहन, हाइड्रोजन ईंधन और सार्वजनिक परिवहन का प्रसार अनिवार्य है। दिल्ली में इलेक्ट्रिक वाहन नीति के बाद नए वाहनों में ईवी का हिस्सा सत्रह प्रतिशत तक पहुँच चुका है। यह दिखाता है कि यदि नीति स्पष्ट और प्रोत्साहन युक्त हो, तो नागरिक भी परिवर्तन को अपनाते हैं। कृषि क्षेत्र में पराली जलाने से बचने के लिए किसानों को तकनीकी और आर्थिक सहयोग देना आवश्यक है। पुसा डीकंपोजर जैसी जैविक तकनीकें और हैप्पी सीडर मशीनें अच्छे परिणाम दे रही हैं, परंतु इनका व्यापक प्रचार और सब्सिडी प्रणाली मजबूत करनी होगी। फसल विविधीकरण को प्रोत्साहित कर धान की जगह कम जल और कम अवशेष वाली फसलों को अपनाने की दिशा में ठोस कदम उठाने होंगे। औद्योगिक क्षेत्र में सतत उत्सर्जन निगरानी प्रणाली को अनिवार्य किया जाना चाहिए। कोयला आधारित संयंत्रों में डीसल्फराइजेशन इकाइयाँ लगाना, और स्वच्छ ईंधनों जैसे एलएनजी या पीएनजी को बढ़ावा देना जरूरी है। साथ ही अक्षय ऊर्जा जैसे सौर और पवन स्त्रोतों की ओर तेजी से संक्रमण करना चाहिए ताकि 2030 तक भारत आधी ऊर्जा स्वच्छ स्त्रोतों से प्राप्त कर सके। शहरी नियोजन में हरित अवसंरचना का समावेश भी अत्यंत आवश्यक है। शहरों में हरित पट्टियाँ, छतों पर पौधारोपण, खुले मैदानों का संरक्षण, और सड़क सफाई की आधुनिक व्यवस्था अपनानी होगी। निर्माण स्थलों पर ढकाव और पानी का छिड़काव जैसे उपाय नियमित रूप से लागू किए जाने चाहिए। प्रशासनिक दृष्टि से भी सुधार जरूरी है। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग को अधिक अधिकार दिए जाने चाहिए ताकि राज्यों के बीच समन्वय और प्रवर्तन दोनों प्रभावी हो सकें।

# पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा थाना शहजादनगर में किया गया मिशन शक्ति केन्द्र का उद्घाटन



**वेलकम इंडिया**


**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक,रामपुर विद्यासागर मिश्र द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक रामपुर अनुराग सिंह के साथ थाना शहजादनगर के थाना परिसर में मिशन शक्ति केन्द्र का उद्धघाटन किया गया, इस दौरान क्षेत्राधिकारी मिलक, मिशन शक्ति केन्द्र टीम थाना शहजादनगर एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारी गण उपस्थित रहे । इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक,रामपुर द्वारा बताया गया कि मिशन शक्ति केन्द्र के माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान एवं आत्मनिर्भरता से संबंधित जानकारी एवं सहायता एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाएगी । महोदय द्वारा मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्यों की विस्तृत जानकारी देते हुए महिला हेल्प डेस्क को प्रभावी ढंग से संचालित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गये ।

## वाहन खड़े करने को लेकर दो पक्षों में झगड़ा

**जहांगीराबाद।** कोतवाली जहांगीराबाद क्षेत्र के गांव अमरगढ़ में वाहन को खड़े करने को लेकर दो पक्षों में झगड़ा हो गया। जिसकी सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दो को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। जानकारी के अनुसार अमरगढ़ में वाहन को खड़ा करने को लेकर दो पक्षों में झगड़ा हो गया। जिसका स्थानीय लोगों ने बीच बचाव करने की भरपूर कोशिश की लेकिन झगड़ा बंद नहीं हुआ। झगडे को बढ़ता देख स्थानीय लोगों ने स्थानीय पुलिस को सूचना दी। झगड़े की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने लोकेश पुत्र चंद्रपाल निवासी गजरौला में पुष्पेंद्र पुत्र बनारसी निवासी अमरगढ़ को पड़कर धारा 151 में चालान कर दिया।

# भाई दूज पर्व मनाया गया धूमधाम से

**वेलकम इंडिया**



**औरंगाबाद/ बुलंदशहर।** भाई बहन के स्नेह बन्धन का प्रतीक भाई दूज पर्व यम द्वितीया गुरुवार को श्रृद्धा भाव और धूमधाम से मनाया गया। बड़ी संख्या में बहिनों ने भाई दूज पर अपने भाईयों को तिलक लगाकर उनकी दीघार्यु के लिए मंगल कामना की। मिष्ठान उपहार रेडीमेड गारमेण्ट आदि की दुकानों पर सारे दिन भीड़ उमड़ी रही। बहिन भाईयों के आवागमन के चलते सड़कों पर वाहन चालकों को जगह जगह जाम से जूझते रहना पड़ा।

दीपावली महोत्सव के अंतिम दिन यम द्वितीया तिथि पर भाई दूज पर्व मनाया गया। बड़ी संख्या में बहिन भाईयों ने एक दूसरे के घरों पर पहुंचकर भाई दूज पर्व मनाया। बहिनों ने अपने भाईयों को रोली चंदन का तिलक लगाकर उनका मूंह मीठा कराया। और दौज प्रदान कर उनके दीघार्यु होने और सुखी संपन्न जीवन की कामना की। भाईयों ने अपनी बहिनों को उपहार प्रदान कर सम्मानित किया। बाजारों में मिष्ठान उपहार रेडीमेड गारमेण्ट आदि की दुकानों पर जमकर खरीदारी हुई।

## सार संक्षेप

### दुष्कर्म एवं पॉक्सो एक्ट के अभियोग में वाँछित अभियुक्त गिरफ्तार



**वेलकम इंडिया**

**रामपुर।** वादिनी /पीडिता की बाबत अभियुक्त शकील अहमद पुत्र सगीर अहमद ग्राम करसौला थाना खजुरिया जनपद रामपुर द्वारा पीडिता को अपने घर ले आना तथा पीडिता को शादी करने का झांसा देकर बलात्कार करना तथा पीडिता से घर पर रहने की बात कहते हुए घर से फरार हो जाने पर शकील अहमद के परिवार के लोगो द्वारा पीडितो को गाली गलौच व मारपीट कर भगा देने के संबंध में थाना खजुरिया पर मु0अ0स0-140/25 धारा 69,115(2),352 बीएनएस बनाम 1. शकील अहमद पुत्र सगीर अहमद ग्राम करसौला थाना खजुरिया जनपद रामपुर व उसके परिजन नाम पता अज्ञात पंजीकृत किया गया। विवेचनाक के क्रम में पीडिता के धारा 180,183 बीएनएसएस के बयान अंकित कराते हुए पीडिता का आयु सम्बन्धी मेडिकल परीक्षण कराया गया तो पीडिता की आयु 17 वर्ष होना पायी गयी जिसके चलते धारा 69 बीएनएस को धारा 64(1) बीएएस मे तरमीम किया गया तथा 3/4 पोक्सो एक्ट की वृद्धि की गयी । थाना खजुरिया, रामपुर पुलिस को मुखबिर खास से सूचना प्राप्त हुई कि शकील अहमद करसौला मोड के पास कहीं जाने की फिराक मे खडा हुआ है मुखबिर की सूचना पुलिस टीम द्वारा अभियोग के वाछिंत अभियुक्त शकील अहमद पुत्र सगीर अहमद ग्राम करसौला थाना खजुरिया रामपुर को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी ।

### पंद्रह फुटा अजगर पकड़ा वन कर्मियों ने जंगल में सुरक्षित रुप में किया रेक्स्यू



**बुलंदशहर।** वन विभाग के कर्मचारियों ने कस्बे के ईदगाह के समीप से एक अजगर पकड़ा। अजगर को जंगल में सुरक्षित रुप से छोड दिया गया। गुरुवार को लोगों ने ईदगाह के समीप ख्वाजपुर रोड पर सड़क किनारे झाड़ियों में एक अजगर को देखा। ग्रामीणों की सूचना पर वन रक्षक सौरभ शर्मा एवं हुक्म सिंह ने मौके पर पहुंचकर अजगर को पकड़ लिया। पकड़े गए अजगर की लंबाई लगभग पंद्रह फुट बताई गई। हुक्म सिंह ने बताया कि अजगर को जंगल में सुरक्षित रुप से छोड दिया गया है।

# चादरपोशी के साथ शुरू हुआ उर्से निजामी का कार्यक्रम

**वेलकम इंडिया**



**संतकबीरनगर।** बृहस्पतिवार को विकास खंड सेमरियावां क्षेत्र के गांव अगया स्थित खानकाहे कादरिया बरकातिया रिजविया में खतीबुल बराहीन हजरत सूफी मुहम्मद निजामुद्दीन का 13वां उर्स सज्जादानशीन मौलाना हबीबुर्रहमान की अगुवाई में चादरपोशी के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। इस दौरान अकीदतमंदों ने चादरपोशी कर फातेहा पढ़ी और दुआ मांगी। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मुकामी पुलिस पूरी तरह मुस्तैद रही। सेमरियावां ब्लाक क्षेत्र के गांव अगया में बाद नमाजे जोहर खतीबुल बराहीन हजरत सूफी मुहम्मद निजामुद्दीन का 13 वां उर्स सज्जादानशीन मौलाना हबीबुर्रहमान की अगुवाई में चादरपोशी के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। इस दौरान अकीदतमंदों ने भारी संख्या में पहुंचकर चादर पेश की तथा मुल्क में अमन और शांति की दुआ की। उपजिलाधिकारी सदर अरुण कुमार, नायब तहसीलदार सदर राजेश कुमार, सी ओ अजय सिंह ने पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। दुधारा थाना प्रभारी निरीक्षक अरविन्द शर्मा की अगुवाई में मुकामी पुलिस सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूरी तरह मुस्तैद रही।

## भैया दौज का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया

**अहार/बुलंदशहर/** अहार क्षेत्र में भैया दौज का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। बहनों ने अपने भाइयों के माथे पर रौली और चावल से तिलक किया और मिठाई खिलाई। इसके बाद भाइयों ने अपनी बहनों को नगदी और उपहार भेंट किए। क्षेत्र के गांवों में घर घर सुबह से ही तैयारियां शुरू हो गई थी ।जो दिनभर चलती रही। इस मौके पर डग्गामार वाहनों ने भी काटी चांदी बहनों ने जोखिम भरा सफर तय कर अपने भाइयों को खिलाई भैया दूज। गांव बामनपुर शिकोई सिहाली नागर चासी रसूलपुर हसनपुर वांगर खदाना चरौरा, अहार, मौहरसा आदि में भैया दौज के पर्व पर बहन अपने भाई के घर पहुंची। अहार अनूपशहर, जहांगीराबाद अहार, स्याना ऊंचागांव अहार मार्ग पर बस स्टैंडों पर वाहनों का बहनें वाहनों का इंतजार करती रही। जैसे तैसे गन्तव्य तक पहुंचीं।

## डांस कार्यक्रम में बॉलीवुड डांसर एवं प्रयागराज डांस कोरियोग्राफर सचिन निषाद हुए सम्मानित, आईएएस सौम्या गुप्ता ने किया सम्मानित

**वेलकम इंडिया**



**प्रयागराज।** शहर में आयोजित भव्य डांस कार्यक्रम में कला और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में बॉलीवुड डांसर एवं प्रयागराज के प्रसिद्ध डांस कोरियोग्राफर सचिन निषाद को सम्मानित किया गया। उनके निर्देशन में दी गई नृत्य प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की विशेषता रही कि आईएएस अधिकारी सौम्या गुप्ता जी ने मंच पर पहुँचकर सचिन निषाद को सम्मानित किया और उनकी प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए कहा कि – ह्लसचिन जैसे युवा कलाकार प्रयागराज का नाम रोशन कर रहे हैं, इनकी लगन और मेहनत प्रेरणादायी है। इस अवसर पर कल्याणी लोक सेवा समिति प्रयागराज की अध्यक्षा एवं समाजसेविका रूपाली अवस्थी जी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने कहा कि इस तरह के सांस्कृतिक आयोजन समाज में नई ऊर्जा और सकारात्मक सोच का संचार करते हैं।

## भैया दूज पर्व पर सीओ ने जागरूकता अभियान चलाकर जरूरतमंद लोगों को हेलमेट किए वितरण



**वेलकम इंडिया**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार क्षेत्राधिकारी डिबाई द्वारा थाना छतारी पुलिस के साथ हेलमेट जागरुकता अभियान चलाया गया एंव हेलमेट वितरण किये गये। बुलंदशहर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निदेर्शानुसार गुरुवार को क्षेत्राधिकारी डिबाई शोभित कुमार द्वारा थाना छतारी क्षेत्रान्तर्गत दौराहे पर थानाध्यक्ष छतारी संदीप कुमार व पुलिस टीम के साथ ₹हेलमेट जागरुकता अभियान₹ चलाया गया। क्षेत्राधिकारी डिबाई द्वारा जिन लोगों ने हेलमेट नहीं पहन रखे थे, उन्हें यातायात नियमों के सम्बन्ध में जागरूक किया गया तथा हेलमेट पहनने हेतु प्रेरित किया गया और जरूरतमंदों को हेलमेट वितरण किया।

# सोच बदलो जिंदगी खुद बदल जाएगी



कमल शर्मा, तेलीपुरा चांदपुर

अगर तुम यह चाहते हो कि तुम्हारा शरीर स्वस्थ हो, केवल सोचने से कुछ नहीं होगा। तुम्हें रोज व्यायाम करना होगा सही भोजन करना होगा आलस से छोड़ना होगा यही अनुशासन है अगर तुम यह चाहते हो तुम्हारा जीवन ज्ञान से भरा हो केवल यह चाहना कि मैं बुद्धिमान बनूं, ये बेकार है।

चाहने से कुछ नहीं होता, तुम्हें मैं किताबें पढ़नी होगी, तुम्हें ध्यान करना होगा, अपने भीतर प्रश्नों को गहराई से देखना होगा। यही अनुशासन है याद रखना चाहत बीज है और अनुशासन उसका पानी, बीज कितना भी महान क्यों ना हो अगर उससे पानी न मिले तो सुख जायेगा। वैसे ही तुम्हारी चाहते अनुशासन के बिना मर जाती हैं। आज दुनिया में लाखों लोग सपने देखते हैं लेकिन केवल वही लोग सफल होते हैं जिनके पास अनुशासन है सपनों को हकीकत में पहुंचने का काम केवल अनुशासन ही करता है। और अनुशासन कोई कैद नहीं है अनुशासन तो आजादी है आजादी इस बात की तूम अपने ही आलस, अपने ही कमजोरी और अपने ही डर से मुक्त हो जाओ। देखो ! एक नदी जब तक बह रही है वह जब तक ही जीवन देती हैं लेकिन वही नदी बिखर जाए और फैल जाए तो कीचड़ बन जाती है। अनुशानसन नदी के किनारों जैसा है जो तुम्हारी ऊर्जा को दिशा देता और गहराई देता है और तुम्हें तुम्हारी मंजिल तक ले जाता है। इसलिए अगर तुम सच में यही बना चाहते हो तो केवल चाहने से कुछ नहीं होगा। तुम्हें अपने जीवन में अनुशासन की आग जलानी होगी। हर दिन-हर छन अपने लक्ष्य के लिए समर्पित होना होगा। जब चाहत और अनुशासन मिलते हैं तो चमत्कार होता है। तब मनुष्य वही बनता है जो वो चाहता है। मनुष्य वही बनता है जो गहराई से चाहता है। लेकिन याद रखना ये जीवन कोई खेल नहीं है ये तुम्हारी चेतना की यात्रा हैं अगर तुम अपने भीतर नीचे विचार रखोगे तो जीवन को नर्क बना लोगे अगर तुम अपने भीतर ऊंचे विचार और गहरी चाहत और अनुशासन रखोगें तो यही जीवन स्वर्ग बना देगा। सवाल यह नहीं है कि दुनिया तुम्हारे खिलाफ है या साथ में है सवाल यह है की तुम अपने साथ हो या नहीं अगर तुम अगर तुम अपने विचारों अपनी चाहतों और अपने अनुशासन के साथ खड़े हो। तो दुनिया की कोई ऐसी ताकत नहीं जो तुम्हे रोक सकती। याद रखना, भाग्य बाहर से नहीं आता भाग्य तुम्हारे भीतर से जन्म लेता है। जैसे तुम सोचते हो, जैसे तुम चाहते हो, जैसे तुम जीते हो, वही तुम्हारा भविष्य बनता है। उठो अपने डर को छोड़ो अपने संदेह को जलाओ अपनी चाहत को इतना गहरा बना लो कि तुम्हारी हर सांस में समा जाए। फिर देखना पूरा ब्रह्मांड तुम्हारे रास्ते को साफ करने लगेगा। और तुम्हें अपनी मंजिल मिल जाएगी।

# भूपेन्द्र उर्फ भूपा की हत्या का सफल अनावरण, घटना में संलिप्त मृतक की भाभी व उसका प्रेमी गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया**



बुलंदशहर वादी अजीत सिंह पुत्र रोहन सिंह निवासी ग्राम घुसराना हरिसिंह थाना डिबाई जनपद बुलन्दशहर ने थाना डिबाई पर तहरीर दी की अज्ञात अभियुक्त द्वारा उसके पुत्र भूपेन्द्र की हत्या कर दी गयी हैं । इस सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना डिबाई पर मुअसं-485/25 धारा 103(1), 61(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया । उक्त घटना के क्रम में थाना डिबाई पुलिस द्वारा जांच/विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान घटना के प्रकाश में आयी मृतक की भाभी व उसके प्रेमी गुरुवार को गिरफ्तार किया गया हैं। अभियुक्तों की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना डिबाई पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए वर्षा पत्नी राजेश निवासी ग्राम घुसराना हरि सिंह थाना डिबाई व गौरव पुत्र सतीश चन्द्र निवासी मौ0 हरिश कस्बा व थाना डिबाई दोनों अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। हत्या का कारण- गिरफ्तार अभियुक्ता वर्षा उपरोक्त ने पूछताछ पर बताया कि वह अपने देवर भूपेन्द्र की शादी अपनी बहन से करवाना चहाती थी, लेकिन भूपेन्द्र ने उसकी बहन से शादी नहीं की एवं उसके मामा की लडकी से शादी कर ली। इसी बात से वह नाराज थी एवं मृतक भूपेन्द्र को उसके व अभियुक्त गौरव के प्रेम सम्बन्ध के बारे में जानकारी हो गयी थी तथा व इसका विरोध करता था। इसी बात को लेकर उसने व गौरव ने भूपेन्द्र की हत्या करने की योजना बनाई तथा दिनांक 18-07-2025 को योजनानुसार भूपेन्द्र को धोखे से ग्राम घुसराना हरिसिंह की पुलिया पर बुलाया तथा वहां पर गौरव द्वारा अपने साथी छोटे सिंह के साथ मिलकर भूपेन्द्र के गले में रस्सी का फंदा लगा कर उसकी हत्या कर दी तथा शव को उठाकर सड़क के खडंजे पर 200 मीटर दूर फेंक कर फरार हो गये। लेकिन अब पुलिस ने दोनों अपराधियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया गया है।

# शाहजहांपुर जेल में बॉलीवुड अभिनेता एवं कॉमेडी किंग राजपाल यादव ने बंदियों को खूब गुदगुदाया

**वेलकम इंडिया**




**शाहजहांपुर**/ज़िला कारागार में हास्य अभिनेता राजपाल यादव ने अपनी सहज अदाओं से बन्दियों समेत उपस्थित लोगों का हृदय जीत लिया। उनकी सहजता, जिसमें उन्होंने अलग अलग बन्दियों के समूहों के बीच जाकर उनके साथ न सिर्फ.फोटो खिंचवाये वरन् खूब मस्ती भी की कभी ठुमके लगाकर लोगों को झुमा दिया तो कभी गंभीर बात करके बन्दियों को सोचने पर विवश भी किया। ज्ञातव्य है कि दीपावली के अवसर पर जेल में बंद सभी बंदियों के बीच सज्जा प्रतियोगिता आयोजित की गई थी जिसमें निर्णायक मंडल ने विजेता टीमों को घोषित किया था निर्णायक मंडल में जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष डीपीएस राठौर, अपर जिला मजिस्ट्रेट वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार, वरिष्ठ जेल अधीक्षक मिजाजी लाल एवं जिला बार काउंसिल के सचिन अवधेश सिंह तोमर के द्वारा बंदियों द्वारा की गई साज सज्जा का विस्तृत अवलोकन कर विजेता टीमों की घोषणा की थी। कार्यक्रम में राजपाल यादव के द्वारा उक्त विजेता टीमों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और उनके साथ फोटो भी खिंचवाए। कार्यक्रम में उन्होंने कारागार के अधिकारियों, कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कॉमेडी किंग राजपाल यादव के द्वारा बंदियों के बीच में जा जा करके फोटो खिंचवाए एवं अपनी पुरानी फिल्मों के प्रसिद्ध डायलॉग बोलकर बंदियों को खूब हंसाया कारागार के बंदियों द्वारा भी शिव पार्वती की झांकी का सुंदर प्रदर्शन किया जिसके साथ राजपाल यादव ने डांस कर खूब मस्ती की उन्हें बंदियों को अपराध का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्य धारा में जुड़कर अपने परिवार और स्वयं का पालन पोषण करने की सलाह दी उन्होंने वरिष्ठ जेल अधीक्षक मिजाजी लाल की सराहना की और उनके द्वारा कारागार की सेवा में नए कीर्तिमान स्थापित करने का उल्लेख किया उन्होंने बंदियों से कहा के कारागार में रहकर के भी आपको ऐसा गार्जियन मिला है जिसके कारण आपको जेल में कोई परेशानी नहीं है।

कार्यक्रम में वरिष्ठ जेल अधीक्षक मिजाजी लाल ने स्टाफ एवं बंदियों के द्वारा राजपाल यादव की तैयार पैटिंग भेंट की जिसे देखकर अभिनेता ने कहा कि यह मेरी पेंटिंग इतनी हूब-हूं बनाई गई है कि इससे पहले मेरी जितनी पेंटिंग बनाई गई है वह फेल हैं। कार्यक्रम में इन्द्र पाल यादव, आईआईए के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष वीरेन्द्र पाल सिंह यादव, विनोबा सेवा आश्रम के संस्थापक रमेश भैया, भाजपा की महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, विनीत मिश्रा, ओंकार मनीषी, राजू बग्गा, शाहनबाज खान, रजनी गुप्ता, पूनम मेहरोत्रा, शालू यादव, डॉ पुनीत मनीषी, विनायक अग्रवाल, राजेश शुक्ला, सौमित्र गुप्ता, सुशील गुप्ता, ज्योति गुप्ता, अमन मलिक, बार काउंसिल के अध्यक्ष श्री अजय वर्मा, सुरेन्द्र सेठ, प्रोफेसर नवीन गुप्ता, ब्रह्माकुमारी बहनें, एनआईओएस के डिप्टी डायरेक्टर एवं वरिष्ठ जेल अधीक्षक मिजाजी लाल के सहपाठी आलोक गुप्ता, वरिष्ठ जेल अधीक्षक मिजाजी लाल के परिजन एवं अन्य विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं के पदाधिकारी, कारापाल कृष्ण मुरारी गुप्ता, उप कारापाल सुभाष चंद्र यादव व राघवेन्द्र सिंह वर्मा समेत अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे ।

# मिशन शक्ति फेज 5 के तहत आयोजित हुआ जागरूकता कार्यक्रम




**वेलकम इंडिया फतेह खान**

**शुजागंज अयोध्या** कोतवाली रूदौली क्षेत्र के अंतर्गत पस्ता माफी मिशन शक्ति फेज 5 के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें महिलाओं एवं बेटियो को जागरूक किया गया

जानकारी के अनुसार कोतवाली रूदौली के पस्ता माफी गांव में महिला उपनिरीक्षक दीपशिखा सिंह,महिला उपनिरीक्षक स्तुति गुप्ता चौकी प्रभारी शुजागंज शंकर लाल यादव मय फोर्स के द्वारा क्षेत्र की बालिकाओं तथा महिलाओं और उनके परिजनों को मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के तहत मिशन शक्ति केंद्र की जानकारी दी गई। तथा बच्चियों को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला और हेल्पलाइन नंबर के बारे में जागरूक किया गया , और महिला संबंधित सहायता हेतु वूमेन पावर हेल्पलाइन नंबर 1090, आपातकालीन सेवा 112, ऑपरेशन कवच महिला हेल्पलाइन नंबर 181 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076 चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, साइबर अपराध 1930 के बारे में जागरूक किया गया महिला संबंधित अपराध और उनसे कैसे बचे इस विषय में जागरूक किया गया ।बच्चों को गुड टच बैड टच के बारे में भी जागरूक किया गया।

## चादरपोशी के साथ शुरू हुआ उर्से निजामी का कार्यक्रम

**संतकबीरनगर।** बृहस्पतिवार को विकास खंड सेमरियावां क्षेत्र के गांव अगया स्थित खानकाहे कादरिया बरकातिया रिजविया में खतीबुल बराहीन हजरत सूफी मुहम्मद निजामुद्दीन का 13वां उर्स सज्जादानशीन मौलाना हबीबुर्रहमान की अगुवाई में चादरपोशी के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। इस दौरान अकीदतमंदों ने चादरपोशी कर फातेहा पढ़ी और दुआ मांगी। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मुकामी पुलिस पूरी तरह मुस्तैद रही। सेमरियावां ब्लाक क्षेत्र के गांव अगया में बाद नमाजे जोहर खतीबुल बराहीन हजरत सूफी मुहम्मद निजामुद्दीन का 13 वां उर्स सज्जादानशीन मौलाना हबीबुर्रहमान की अगुवाई में चादरपोशी के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। इस दौरान अकीदतमंदों ने भारी संख्या में पहुंचकर चादर पेश की तथा मुल्क में अमन और शांति की दुआ की। इस अवसर पर मौलाना जियाउल मुस्तफा, सनाउल मुस्तफा, हबीबुर्रहमान, अलीमुल्लाह, सेराज खान, अली असगर आदि मौजूद रहे।

## राशन डीलर के विरुद्ध कार्रवाई की मांग

**वेलकम इंडिया**



**कांधला। संवादाता मोहसीन रहमानी** थाना क्षेत्र के गांव सल्फा निवासी ग्रामीण ने राशन डीलर पर राशन नहीं देने और विरोध करने पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जूठी है। थाना क्षेत्र के गांव सल्फा निवासी रामदयाल ने गुरुवार को थाने पर तहरीर देकर बताया कि वह गांव के ही राशन डीलर के यहां अपना राशन लेने के लिए गया था। आरोप है राशन डीलर ने बहाना बनाते हुए कहा कि आपके बच्चों की केवाईसी नहीं हुई है जिस कारण राशन नहीं मिलेगा। पीड़ित ने राशन डीलर को बताया कि उसने केवाईसी करा रखी है इसके बाद राशन डीलर ने अपनी मशीन बंद कर ली और उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर भगा दिया और कहां के दोबारा से राशन लेने के लिए आए तो अंजाम बुरा होगा। पीड़ित ने आरोपी राशन डीलर के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है पुलिस जांच में जुटी हुई है।

## सार संक्षेप

### दवाई लौटाने के विवाद में मारपीट हकीम के विरुद्ध अभियोग दर्ज

**कांधला।** बाबरी थाना क्षेत्र के गांव बुटराडा के ग्रामीण ने हकीम पर दवाई लौटने पर आग बबूला होकर मारपीट करने व हत्या के धमकी देने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी। पुलिस ने घटना के संबंध में अभियोग पंजीकृत करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है। बाबरी थाना क्षेत्र के गांव बुटराडा निवासी कासिम ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि विगत 22 अक्टूबर को थाना क्षेत्र के गांव गंगेरु निवासी हकीम नफीस पुत्र हाजी शीदा के पास पेट संबंधी हारमोन्स की दवाई चल रही थी, हजारों रुपए की दवाई खाने के बाद भी पीड़ित को आराम नहीं लग रहा था। जिसके चलते पीड़ित दवाई लौटाने गया था, लेकिन आरोपी ने न केवल दवाई लौटाई, बल्कि उग्र हो गया और मारपीट शुरू कर दी ।पीड़ित ने बताया कि आरोपी ने जान से मारने की धमकी देते हुए अभद्र भाषा का सहारा लिया। पीड़ित के पास इस घटना की रिकॉर्डिंग भी मौजूद है। इसके अलावा, आरोपी ने कासिम की पत्नी ईशा के साथ भी आपत्तिजनक भाषा का उपयोग किया। घटना के दौरान धक्का–मुक्की और मारपीट भी हुई, जिससे पीड़ित परिवार में दहशत मे है। पीड़ित ने आरोपी के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है की घटना के संबंध में पीड़ित की तहरीर पर आरोपी हकीम के विरुद्ध मामला पंजीकृत कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### ई रिक्शा खड़ी करने को लेकर चालक व दुकानदार के बीच मारपीट

**कांधला।** कस्बे के दिल्ली बस अड्डे पर मिठाई की दुकान के आगे ई रिक्शा खड़ी करने को लेकर दो पक्षों के बीच में मारपीट हो गई। मारपीट में ई रिक्शा चालक घायल हो गया दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है। कस्बे के नई बस्ती निवासी गफूर ने बताया कि वह ई रिक्शा चला कर अपना व अपने परिवार का भरण पोषण करता है। गुरुवार को वह ई रिक्शा लेकर कस्बे के दिल्ली बस अड्डे पर गया था उसने अपनी ई–रिक्शा मिठाई की दुकान के आगे खड़ी कर दी। पीड़ित का आरोप है कि दुकानदार बोबी पीड़ित पर आग बबूला हो गया और पीड़ित के साथ गाली गलौज करते हुए अपने साथियों के साथ मिलकर उसके साथ लाठी डंडों से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। दूसरी और दुकानदार की मां फूलमती ने बताया कि ई रिक्शा चालक अपने कई साथियों के साथ पीड़ित की दुकान पर पहुंचा और उनकी दुकान में तोड़फोड़ करते हुए मारपीट की। पुलिस ने घायल ई रिक्शा चालक का मेडिकल परीक्षण करा दिया है। और दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाकर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है।

### नंदकेश्वरमहादेव मंदिर में महिलाओं ने पूजा अर्चना कर किया गोवर्धन पूजा



**वाराणसी** :– मलदहिया स्थित नंदकेश्वरमहादेव मंदिर में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी दूर–दूर से आयीं महिलाओं ने गोवर्धन की बनायीं प्रतिमाएं और हर्षोल्लास के साथ भजन कर किया गोवर्धन पूजा गोवर्धन पूजा की संयोजिका कांति दीक्षित,मंजू लता शर्मा, सीमा सिंह,सरस्वती शर्मा,उमा शर्मा,शीला अग्रहरि,आशा चौबे, सुषमा यादव की महिलाओं ने पूजा में भाग लिया।

## किठौर पुलिस की बड़ी कार्रवाई : जानलेवा हमले के दो आरोपित गिरफ्तार, हथियार बरामद

**वेलकम इंडिया**

**मेरठ।** थाना किठौर पुलिस ने जान से मारने की नीयत से किए गए हमले के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त फावड़ा (कसला) और पक्की ईंट बरामद की है।थाना पुलिस के अनुसार, दिनांक 21 अक्तूबर को ग्राम कासमपुर माछरा निवासी वादी मुनेश कुमार ने तहरीर दी थी कि आरोपित रोबिन पुत्र महेन्द्र निवासी नगली अब्दुल्ला, रिंकू उर्फ अजय पुत्र मांगेराम, तथा आदेश पुत्र प्रहलाद (तीनों निवासी मेरठ) ने उसके पुत्र सुंदर पाल के साथ गाली-गलौज करते हुए लात-घूंसों, ईंट और धारदार हथियार से हमला किया तथा जान से मारने की धमकी दी थी।घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना किठौर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपितों की तलाश शुरू की। गुरुवार को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी रोबिन और रिंकू उर्फ अजय गंगा ढाबा से खन्द्रावली जाने वाले रास्ते पर मौजूद हैं। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर दोनों को दबोच लिया।पूछताछ के दौरान दोनों ने अपराध स्वीकार करते हुए घटना में प्रयुक्त हथियार छिपाने की जानकारी दी। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने फावड़ा (कसला) और ईंट बरामद की।थाना प्रभारी किठौर प्रताप सिंह के अनुसार, गिरफ्तार आरोपितों को आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद न्यायालय में पेश कर दिया गया है। वहीं, तीसरे आरोपित आदेश की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है, जिसे शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## सुन्ना में आधा दर्जन से अधिक किसानों की ट्यूबवेलों पर चोरी

**वेलकम इंडिया**



**कांधला। संवादाता मोहसीन रहमानी** थाना क्षेत्र के गांव सुन्ना में चोरों ने आधा दर्जन से अधिक ट्यूबवेलों को निशाना बनाते हुए लाखों रुपए का सामान चोरी कर लिया। पीड़ित किसानों ने थाने पर चोरों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस चोरों की तलाश कर रही है।

थाना क्षेत्र में किसानों की ट्यूबवेलों पर चोरी होने का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। आए दिन चोर किसानों की ट्यूबवेलों को निशाना बनाकर सामान चोरी कर रहे हैं। चोर लगातार किसानों की ट्यूबवेलों पर चोरी कर पुलिस को चुनौती दे रहे हैं। ट्यूबवेलों पर लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से किसानों में भारी रोष व्याप्त है। बुधवार की रात्रि को चोरों ने क्षेत्र के गांव सुन्ना निवासी किसान जमशेद, इरफान, मुस्ताक, उमरा, कालू, राहुल, राजेंद्र, इंद्र, प्रवीण व विकास की ट्यूबवेलों को निशाना बनाते हुए चोरी की घटना को अंजाम दिया है। रात्रि में आधा दर्जन से अधिक किसानों की ट्यूबवेलों पर हुई चोरी से किसानों का लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। पीड़ित किसानों को घटना की जानकारी गुरुवार की सुबह खेत पर जाने के बाद हुई। पीड़ित किसानों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। लगातार चोरी की घटनाओं से किसानों में भारी रोष व्याप्त है। पीड़ित किसानों ने चोरों के खिलाफ थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि पीड़ित किसानों की तहरीर मिली है। शीघ्र ही चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

## श्री अग्रसेन धाम कुंडली में हुआ गोवर्धन महोत्सव 2025 का भव्य आयोजन

**वेलकम इंडिया**



**सोनीपत, हरियाणा।** विवेक जैन। श्री अग्रसेन धाम कुंडली में गोवर्धन महोत्सव 2025 का भव्य आयोजन किया गया। सोनीपत के मेयर राजीव जैन और मॉडल टाउन दिल्ली के विधायक अशोक गोयल देवराहा ने महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होने गाय के शुद्ध 5100 किलो गोबर से बने 31 फुट के भगवान गोवर्धन जी की पूजा कर महोत्सव का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर विधायक अशोक गोयल देवराहा ने गोवर्धन पर्व की महत्ता पर प्रकाश डाला और श्री अग्रसेन धाम कुंड़ली द्वारा किये जा रहे धार्मिक व सामाजिक कार्यो की प्रशंसा की। प्रधान राजेंद्र अग्रवाल व उपप्रधान अतुल सिंघल ने बताया की पूजा का यह कार्यक्रम आगामी 28 अक्टूबर तक चलेगा। जिसमें प्रतिदिन गोवर्धन महाराज को आठ प्रहर का भोग लगाया ।प्रतिदिन सायं साढे 6 बजे भगवान गोवर्धन जी की आरती की जाएगी ।रविवार 26 अक्टूबर को समाज के कई प्रतिष्ठित व्यक्ति पूजा और आरती कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे। समारोह में अग्रवाल समाज मॉडल टाउन के प्रधान प्रेम चंद गुप्ता, धाम के चेयरमैन जगदीश राय गोयल, प्रधान राजेंद्र अग्रवाल, उपप्रधान अतुल सिंघल, महासचिव अनिल गोयल, कोषाध्यक्ष दीपक मंगला एवं दीपक मित्तल, संगठन मंत्री राजेश गोयल, महामहिम राष्ट्रपति एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन, राहुल सिंघल, जिला मीडिया प्रभारी पवन गुप्ता सहित सैंकड़ों भक्तों ने गोवर्धन महाराज की परिक्रमा करने के पश्चात अन्नकूट का प्रसाद ग्रहण किया।

## भारत के 77वें गणतंत्र दिवस पर आयोजित होगा राष्ट्रीय काशी विश्वनाथ ब्लड कमांडो पुरस्कार 2026 समारोह

**(संतोष कुमार सिंह)**

**वाराणसी** :– वाराणसी से संचालित साधना फाउंडेशन जो संपूर्ण भारत में स्वैच्छिक रक्तदान और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित और विश्वसनीय नाम बन चुकी है आगामी 26 जनवरी 2026 को भारत के 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर एक ऐतिहासिक आयोजन करने जा रही है।

इस अवसर पर साधना फाउंडेशन द्वारा संपूर्ण भारत के 101असली नायकों को राष्ट्रीय काशी विश्वनाथ ब्लड कमांडो पुरस्कार 2026 से सम्मानित किया जाएगो यह सम्मान उन लोगों को समर्पित है जिन्होंने अपने अदम्य प्रयासों और समर्पण के माध्यम से स्वास्थ्य,शिक्षा,उद्योग, सामाजिक कार्य और अन्य क्षेत्रों में देश एवं समाज का नाम रोशन किया है।कार्यक्रम में देशभर से आने वाले समाजसेवियों, चिकित्सकों,




शिक्षकों, उद्यमियों और सामाजिक कार्यकताओं का अभिनंदन किया जाएगा जिन्होंने अपने कार्यों से समाज में प्रेरणा का संचार किया है साथ ही इस विशेष अवसर पर भारत के 21 भगवा सनातन प्रहरियों को भी सम्मानित किया जाएगा वे वीर जो हिंदुत्व, धर्म और सनातन संस्कृति की रक्षा के लिए सदैव अग्रणी रहे हैं और बुराई के विरुद्ध अपने साहस से एक जीवंत उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं।इस भव्य कार्यक्रम में भारत के विभिन्न राज्यों से कई नामचीन हस्तियां,सामाजिक कार्यकर्ता, धार्मिक संत, पत्रकार, लेखक और फिल्म एवं शिक्षा जगत से जुड़े विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहेंगे आयोजन में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों के नाम शीघ्र ही घोषित किए जाएंगे।

साधना फाउंडेशन का यह आयोजन न केवल रक्तदान और सेवा भावना को समर्पित है बल्कि यह उस भारत की तस्वीर भी प्रस्तुत करेगा जहाँ सेवा ही सर्वोच्च धर्म के भाव से प्रेरित होकर हर नागरिक समाज कल्याण की दिशा में कदम बढ़ा रहा है।

## संजीव बालियान ने किया बड़ौत में श्री गोवर्धन पूजा महोत्सव 2025 का शुभारम्भ

**वेलकम इंडिया**



**बागपत, उत्तर प्रदेश।** विवेक जैन। बड़ौत नगर के श्री दिगम्बर जैन कॉलेज पाण्डुक शिला मैदान, बी फील्ड् में गोवर्धन पूजा व अन्नकूट प्रसाद वितरण महोत्सव 2025 बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। महोत्सव का शुभारम्भ मुख्य अतिथि पूर्व केन्द्रीय मंत्री डाक्टर संजीव बालियान द्वारा फीता काटकर किया गया। समारोह गौरव के रूप में नगर पालिका परिषद बड़ौत के पूर्व अध्यक्ष अमित राणा ने शिरकत की। महोत्सव के आयोजक सत्य नारायण मंदिर, मंडी कमेटी घनश्याम गंज बड़ौत के पदाधिकारियों द्वारा समारोह में आये अतिथियों को पटका, फूलमाला पहनाकर व प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके उपरान्त गोवर्धन पूजा, अन्नकूट व छप्पन भोग प्रसाद वितरण व गोवर्धन लीला का प्रारम्भ हुआ। गोवर्धन महाराज की गोबर से बनी 51 फुट की विशाल प्रतिमा श्रद्धालुओं में मुख्य आकर्षण का केन्द्र रही। श्री धाम वृंदावन से आयी ब्रज रस रसिक खुशबु राधा जी ने भगवान श्री कृष्ण जी के एक से बढ़कर एक भजन सुनाकर सभी श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। अन्नकूट प्रसाद वितरक एड़वोकेट डाक्टर आकाश बंसल व रिचा बंसल व प्रसाद वितरण व्यवस्था श्री चुलकाना धाम सेवा समिति बड़ौत की ओर से की गयी। सत्य नारायण मंदिर, मंड़ी कमेटी घनश्याम गंज बड़ौत के अध्यक्ष राजीव कुमार गर्ग प्रधान जी लुहारी वाले, महामंत्री एड़वोकेट डाक्टर आकाश बंसल, कोषाध्यक्ष विजय कुमार महेश्वरी मारवाड़ी, कार्यक्रम संयोजक सुनील मित्तल भट्टे वाले, व्यापार मंड़ल बड़ौत के अध्यक्ष मुदित जैन आदि ने महोत्सव को सफल बनाने के लिए संरक्षकगण नगीन चन्द गर्ग प्रधान जी, प्रेमचन्द कुच्छल, हरीशमोहन अग्रवाल सर्राफ, सुभाष चन्द गुप्ता भड़ल वाले, रामअवतार गुप्ता छपरौली वाले, युगल किशोर गर्ग लुहारी वाले, योगेश मोहन अग्रवाल सर्राफ, प्रमोद गुप्ता छपरौली वाले आदि मौजूद रहे।

## मिशन शक्ति फेज-5.0 : मेरठ परिक्षेत्र में एक माह की बड़ी कार्रवाई, 665 गिरफ्तार, 40 हजार से अधिक वाहनों की चेकिंग

**वेलकम इंडिया**



**मेरठ।** महिला सशक्तिकरण और सुरक्षा को समर्पित प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी पहल मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत मेरठ परिक्षेत्र में पुलिस ने एक माह तक विशेष अभियान चलाकर व्यापक कार्रवाई की। डीआईजी मेरठ परिक्षेत्र कलानिधि नैथानी के निर्देशन में 22 सितंबर से 21 अक्टूबर 2025 तक चले इस अभियान में पुलिस की सख्त और संवेदनशील दोनों ही भूमिकाएं सामने आईं।एंटी रोमियो स्क्वाड ने अभियान के दौरान 28,145 स्थानों पर चेकिंग कर 4,05,176 लोगों की जांच की।इसमें 665 लोगों की गिरफ्तारी और 508 मुकदमे दर्ज किए गए, जबकि 3.15 लाख से अधिक लोगों को चेतावनी देकर छोड़ दिया गया। वहीं, 7,215 लोगों पर निरोधात्मक कार्रवाई की गई।वाहन चेकिंग में भी पुलिस ने सख्ती दिखाई। परिक्षेत्र भर में 4,05,946 वाहनों की जांच, 44,958 चालान और 886 वाहनों को सीज किया गया। स्टंटबाजी और उत्पात करने वालों पर नकेल कसते हुए 144 मुकदमे दर्ज कर 175 लोगों को गिरफ्तार किया गया।महिला सुरक्षा और जागरूकता बढ़ाने के लिए जमीनी स्तर पर भी अभियान चलाया गया। 7,648 बीट अधिकारियों ने 4,162 ग्राम पंचायतों में जाकर महिला सुरक्षा संबंधी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। वहीं 529 महिला बीट अधिकारियों ने 14,241 गांवों में भ्रमण कर 4,400 घरेलू हिंसा पीड़ित महिलाओं की पहचान की, जिनमें से 4,287 महिलाओं को काउंसलिंग और विधिक सहायता प्रदान की गई।अभियान के तहत तकनीकी सशक्तिकरण पर भी जोर दिया गया। महिला सुरक्षा के दृष्टिगत 2,488 नए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए, जबकि 23 परिवार परामर्श केंद्रों को सक्रिय किया गया। इसके अलावा 195 नारी संरक्षण गृहों में निरीक्षण कर 15,556 महिलाओं से संवाद किया गया।डीआईजी कलानिधि नैथानी ने कहा कि मिशन शक्ति केवल कार्रवाई भर नहीं, बल्कि हर बेटी को सुरक्षित और हर परिवार को जागरूक बनाने का संकल्प है। उन्होंने बताया कि पुलिस की प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि महिलाओं के प्रति किसी भी प्रकार की असुरक्षा की भावना समाज में न रहे।

# डीएम आकांक्षा कोंडे पहुँची खनन क्षेत्रों में किया औचक निरीक्षण

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर, गोविन्द मेहता,** उच्च न्यायालय द्वारा जिल में खनन कार्य में लगाई गई रोक के बाद खनन क्षेत्रों की आपदा के बाद हुए नुकसान और खनन प्रभावित क्षेत्रों की वर्तमान स्थिति और खनन क्षेत्र में निवासरत लोगों की समस्याओं और सार्वजनिक उपक्रमों को खनन के बाद हुए नुकसान का जायजा लेने हेतु जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने खनन क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया ।उच्च न्यायालय के निदेर्शों के क्रम में जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने गुरुवार को रीमा क्षेत्र के विभिन्न माइनिंग स्थलों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि खनन कार्यों में उच्च न्यायालय के आदेशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि पुराने स्टॉक के निस्तारण में भी उच्च न्यायालय के दिशा-निदेर्शों का कड़ाई से पालन हो। उन्होंने कहा कि माइनिंग क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरों की पर्याप्त संख्या स्थापित की जाए तथा उनका डेटा बैकअप नियमित रूप से सुरक्षित रखा जाए, ताकि खनन गतिविधियों की सतत निगरानी की जा सके। जिलाधिकारी ने खनन क्षेत्र में लगे सीसीटीवी डेटाबेस की जांच की। निर्देश दिए कि वेस्ट मटेरियल को निर्धारित एवं सुरक्षित स्थानों पर ही रखा जाए, जिससे पर्यावरणीय संतुलन बना रहे। निरीक्षण के दौरान डीएम कोंडे सुरकाली गांव भी पहुंचीं, जहां उन्होंने ग्रामीणों से संवाद किया और उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि नियमानुसार उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से किया जाएगा। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे निरंतर फील्ड विजिट कर जन समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करें ।निरीक्षण के दौरान एसडीएम प्रियंका रानी एवं खनन अधिकारी नाजिया हसन सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## लेखपाल विकास अधिकारी के साथ ग्रामीणों ने की अभद्रता

**मथुरा/ कोसीकलां।** गांव हताना में पराली जलाने से रोकने पर ग्रामीणों ने लेखपाल तथा ग्राम पंचायत विकास अधिकारी पर हमला बोल दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को पकड़कर चालान कर दिया। लेखपाल योगेंद्र कुमार, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी राजेश कुमार अपनी टीम के साथ शुक्रवार को गांव हताना में पराली जलाने से जागरूक करने के लिए पहुंचे थे। गांव में देखा कि कुछ किसान पराली जला रहे है। टीम के मना करने पर किसान नही मानें और अभद्रता करने लगे।

शोरगुल सुनकर वहां भीड़ लग गई। किसान टीम से लड़ाई करने पर आमदा हो गए। टीम ने इसकी सूचना तहसीलदार सचिन पंवार को दी ।सूचना मिलने पर वहां पहुंची पुलिस ने किसान राजेंद्र, मोहनश्याम, तोपराज को पकड़ लिया। वही, गांव कोटवन जिले सिंह, उमराला गिर्राज को पकड़ लिया।

# पति ने की इंसानियत को शर्मसार कर देने वाली घिनौनी हरकत

वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता




**बरेली।** बारादरी थाना क्षेत्र से इंसानियत को शर्मसार कर देने वाला एक मामला सामने आया है। तीन साल से पति से अलग रह रही एक महिला ने अपने ही पति पर हैवानियत भरे आरोप लगाए हैं। पीड़िता का कहना है कि पति और उसके परिवार वाले दहेज को लेकर लगातार उसे प्रताड़ित करते थे।

यहां तक कि मामला थाने तक पहुंचने के बाद भी उनका अत्याचार कम नहीं हुआ। पीड़िता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसने वर्ष 2023 में ससुराल पक्ष के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया था। जिसके बाद भी आरोपी पति किशन और उसके भाई-बहन आए दिन घर में घुसकर गाली-गलौज करते और जान से मारने की धमकी देते रहे। महिला ने बताया कि 2 नवंबर 2023 को पति और उसके परिजनों ने उसके घर पर हमला किया और उसकी 16 वर्षीय छोटी बहन को बेरहमी से मारा पीटा, जिससे उसकी नाक की हड्डी टूट गई। उस मामले में भी मुकदमा दर्ज हुआ, मगर आरोपी बाज नहीं आए। अब मामला और भी शर्मनाक हो गया है। महिला का आरोप है कि शादीशुदा जिंदगी के दौरान उसके पति ने चोरी-छिपे उसकी कुछ निजी वीडियो बना ली थीं। बाद में उसने दहेज केस वापस लेने के लिए दबाव बनाया। जब महिला ने मना किया तो पति ने बदला लेने के लिए उन अश्लील वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पीड़िता ने वारादरी थाने में तहरीर देकर आरोपी पति और उसके परिवार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बारादरी इंस्पेक्टर धनंजय पांडे का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है, जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## प्रथम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी प्रीमियर लीग 25 अक्टूबर

**बागेश्वर,** उत्तराखंड विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद ( यूकोस्ट )देहरादून द्वारा प्रथम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी प्रीमियर लीग का आयोजन 25 अक्टूबर से होगा। प्रीमियर लीग में आधुनिक विज्ञान संबंधित विभिन्न विषयों के साथ ही विशेष रूप से डिजास्टर मैनेजमेंट एवं स्वास्थ्य पर प्रश्न केंद्रित होंगे। इसमें प्रथम राउंड में बहुविकल्पीय प्रश्नों की लिखित परीक्षा होगी तथा उसके बाद विभिन्न राउंड में क्विज का आयोजन किया जाएगा। जनपद संयोजक दीप चन्द्र जोशी ने बताया कि जिले से चयनित चार छात्र छात्राओं की टीम राज्य स्तरीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी प्रीमियर लीग में भाग लेगी। जिसका आयोजन 20 वाँ राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सम्मेलन 2025 के साथ देहरादून में किया जाना प्रस्तावित है। जनपद के तीनों विकास खंडों कपकोट ,गरुड़ और बागेश्वर के माध्यमिक विद्यालयों के चार –चार छात्र छात्राओं की टीम जनपद स्तर पर 25 अक्टूबर को पीएम श्री विक्टर मोहन जोशी स्मारक राजकीय इंटर कॉलेज बागेश्वर में आयोजित प्रथम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी प्रीमियर लीग में प्रतिभाग करेगी।

## देवचरा बाजार में बाइकों पर लात मारने वाले दरोगा हुए लाइन हाजिर

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** दीपावली के अंतिम त्यौहार, भाई दूज की खरीदारी के लिए बुधवार को देवचरा बाजार में जुटी भीड़ के बीच भमौरा थाने के सीनियर सब-इंस्पेक्टर नरेंद्र राघव की हरकत ने लोगों को सकत्ते में डाल दिया। पुलिसकर्मी ने सड़क किनारे खड़ी आम जनता की बाइकों को लात मारकर गिरा दिया और विरोध करने वालों को जेल की धमकी भी दे डाली। इस दौरान किसी ने दरोगा की करतूत का वीडियो बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल होते ही चर्चा में आ गया है। वीडियो के वायरल होने के बाद एसएसपी अनुराग आर्य ने तत्काल कार्यवाई करते हुए नरेंद्र राघव को गुरुवार को लाइन हाजिर कर दिया है। एसएसपी अनुराग आर्य ने कहा है कि यदि कोई गलत कर रहा है तो पुलिसकर्मी वैधानिक तरीके से कार्यवाई करें। लेकिन किसी भी आम नागरिक से बदसलूकी करना कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस मामले की जांच सीओ आंवला नितिन कुमार को सौंपी गई है। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की विधिक कार्यवाई तय की जाएगी।

## दीपावली में बिकी लाखों करोड़ की शराब

वेलकम इंडिया

- नगर के एक प्रतिष्ठित बार में खुलेआम बिकी शराब की बोतलें
- आबकारी विभाग के अधिकारी नही उठाते फोन

बागेश्वर, पूर्व में प्रदेश में नकली शराब की विक्री का मामला सामने आने के बाद आबकारी विभाग थोड़ा हरकत में आया ।इसके लिए अलग अलग जांच टीमें भी बनाई गई ।जांच टीमें जिले में जांच को भी आयी पर जिले में हवाई निरीक्षण के बाद जांच टीम ने कुछ ही बारों में निरीक्षण करने और उन पर निरीक्षण के बाद मानकों की अनदेखी पाए जाने के बाद अवश्य टीम द्वारा कुछ बारों पर केवल दिखावटी कार्रवाई कर अपनी रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को सौंपी ।जबकि जांच के नाम पर केवल चुनिंदा बारों में ही जांच होने की चचाओं के बीच टीम पर सूत्रों के अनुसार रसूखदार बारों में जांच नही करने और जिन बारों के निरीक्षण नही किए गए उन्हें संरक्षण मिलने की भी चर्चाए सुनाई दी ।ऐसे में जब औचक निरीक्षण किया गया पर जो बार के नाम पर सबसे अत्यधिक राजस्व देने वाले बार थे उन बारों की जांच नही किए जाने की चचाओं के बीच बार मे पुनः शराब की बोतलों को बेचने का मामला सामने आया ।दीपावली पर्व में नगर के प्रमुख बार मे खुलेआम शराब की बोतलें ग्राहकों को बेचते हुए देखा गया ।जबकि सूत्र बताते है कि आबकारी विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत के चलते बारों को शराब की दुकान बना दिया गया है ।जबकि बार संचालक कम विक्री दिखाकर शराब की दुकानों को आवंटित रमन्ने को स्टॉक में हेराफेरी कर गोदाम के बजाय बारों में बेच रहे हैं ।बारों में शराब की बोतलों को बेचने पर प्रतिबंध के बावजूद खुलेआम शराब की बोतलें सेल्समैन बेचते नजर आए पर आबकारी विभाग के अधिकारी नियमों का पालन कराने के बजाय ऐसे संचालको पर मेहरबानी करते हैं ।वही लोगों ने आबकारी विभाग के अधिकारियों पर मिलीभगत कर केवल कमाई करने के आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी से ऐसे अधिकारियों और खुलेआम नियमों की अवहेलना करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

# बिहार विधानसभा 2025 के चुनाव को लेकर जो महागठबंधन है उसमें खिचड़ी पक रही है - वरिष्ठ अधिवक्ता अजय सिंह (बागी)

(संतोष कुमार सिंह)



**वाराणसी :-** जिला व सत्र न्यायालय वाराणसी के वरिष्ठ अधिवक्ता अजय सिंह ( बागी ) ने 23 अक्टूबर गुरुवार को कचहरी परिसर में आयोजित पत्रकार वार्ता में मिडिया से बताया की मेरा मानना है बिहार विधानसभा 2025 के चुनाव को लेकर जो महागठबंधन है उसमें खिचड़ी पक रही हैं गठबंधन में पार्टी अपनी मन पसंद सीटों पर अपने कंडिडेट को टिकट दे रही हैं गठबंधन एक तरह से फेल हैं अधिवक्ता अजय सिंह ने कहा की इस बार एनडीए की सरकार आएगी अब सीट का बंटवारा तो एनडीए का हो चुका है महागठबंधन में अभी भी कुछ खिचड़ी पक रही है पुराने नेताओं का टिकट काटा गया तो वहीं नए नेताओं को बुलाया गया है युवाओं को टिकट मिला है ।बीते दिनों पूर्व देखा गया था कि सीजीआइ पर जूते फेककर हमला हुआ वहीं अधिवक्ता कुँवर आयुष सिंह ने इसकी घोर निंदा करते हुए कहा की न्यायालय में वो प्रतिष्ठित पद है और जब समाज का एक गरीब व्यक्ति जहां धर्म विशेष नहीं देखा जाता है,जब वह एक न्याय की गुहार लगाता है न्यायालय में जाता है और उस पद पर बैठा एक न्यायधीश अगर किसी भी एक धर्म को अपने बयान से अगर ठेस पहुंचा रहा है तो उसका विरोध होना चाहिए लेकिन मुख्य न्यायधीश द्वारा गलत बयान बाजी की गयी और जिसका परिणाम स्वरूप उनके ऊपर जूता चलाया गया लेकिन इस तरीके से किसी भी न्यायालय की मयार्दा का हनन करके किसी भी बयान विरोध करना ये कदाचित गलत हैं मेरा मानना यह है कि मुख्य न्यायधीश जो भी उचित समझें उन अधिवक्ता के खिलाफ कार्यवाही करनी चाहिए ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटना न हों साथ ही अधिवक्ता विनोद तिवारी का कहना है की पुलिस अपने मनमाना ढंग पर उतर आयी हैं सरकार उनका साथ दे रही है अपने मनमाना करते रहते हैं जिसके कारण ऐसा होना सभंव है।

# पराली जलाने की घटनाओं पर जिलाधिकारी शख्त, की गई कठोर कार्यवाही

वेलकम इंडिया

**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह के निर्देशन में जनपद मथुरा में पराली जलाने की घटनाओं पर कठोर कार्रवाई की जा रही है।

विभिन्न तहसीलों में पराली जलाने वालों के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही की गई है। उप जिलाधिकारी छाता वैभव गुप्ता ने अवगत कराया है कि आज दिनांक 23 अक्टूबर 2025 को तहसील छाता में पराली जलाने की घटनाओं को रोकने हेतु गई राजस्व टीम से कई किसानों द्वारा झगडा फसाद किया गया, जिसके दृष्टिगत शांति भंग करने पर 5 को जेल भेजा गया, 06 को बाउंड डाउन किया गया तथा 1 पर एफ0आई0आर0 दर्ज कराई गई है। तहसील मांट में पराली जलाने की घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु निरंतर उप जिलाधिकारी मांट रितु सिरोही द्वारा क्षेत्र का भ्रमण किया गया। उप जिलाधिकारी मांट रितु सिरोही ने अवगत कराया है कि ग्राम खायरा में पराली जलाने की घटना पर राधेश्याम का 1 ट्रैक्टर सीज किया गया है। उन्होंने बताया कि नौहझील क्षेत्र में राजाराम पुत्र सुमेरा को बाउंड डाउन किया गया है। उप जिलाधिकारी गोवर्धन प्राजकता त्रिपाठी ने अवगत कराया है कि गोवर्धन तहसील क्षेत्र में पराली जलाने के प्रकरणों में 3 व्यक्तियों के विरुद्ध धारा 151 के अंतर्गत चालान किया गया है। उप जिलाधिकारी सदर / जॉइंट मजिस्ट्रेट अभिनव जे जैन ने अवगत कराया है कि तहसील मथुरा क्षेत्र में 2 व्यक्तियों को जेल भेजा गया है जिसमें पप्पी पुत्र सरदार सिंह निवासी तोष थाना जैत व लाखन पुत्र देशराज निवासी तोष थाना जैत है। उन्होंने बताया कि 1 अन्य व्यक्ति की तलाश की जा रही है, जिन्हें भी पराली जलाने के अपराध में जेल भेजा जा सकता है।

# भरोसे पर किया वार: सफाई के बहाने उड़ाए 15 लाख के जेवर

वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता



**बरेली।** दिवाली के मौके पर जहां लोग अपने घरों की सफाई में जुटे थे, वहीं प्रेमनगर इलाके में एक परिवार के लिए यह सफाई भारी पड़ गई। सफाई के लिए बुलाया गया कर्मचारी ही भरोसे पर वार कर गया। उसने रिटायर्ड बैंक अधिकारी के घर से करीब 15 लाख रुपये के जेवर और नकदी पार कर दी। वारदात घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस ने फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रेमनगर के धर्मकांटा चौराहे के पास राधा स्वामी एन्क्लेव में रहने वाले राजीव अग्रवाल, जो भारतीय स्टेट बैंक से रिटायर्ड हैं, 17 अक्तूबर को पत्नी आशा रानी के साथ मुरादाबाद में बेटी के घर दिवाली की मिठाई देने गए थे। इसी दौरान घर की सफाई के लिए बुलाया गया सफाईकर्मी आशीष सफाई पूरी करने के बाद घर में ही छिप गया। जब घर खाली हुआ तो उसने मौका पाकर अंदर रखे सोने-चांदी के जेवर और नकदी बैग में भर ली और फरार हो गया। शाम को जब दंपती घर लौटे तो सबकुछ सामान्य नजर आया। लेकिन दिवाली की पूजा के दौरान जब चांदी का गिलास निकालने गए तो जेवर गायब मिले। शक होने पर राजीव अग्रवाल ने सीसीटीवी फुटेज खंगाली, तो सारा माजरा सामने आ गया। करीब चार मिनट के फुटेज में आशीष बैग लेकर घर से निकलता नजर आ रहा है। पहले वह एक चाबी से दरवाजा खोलने की कोशिश करता है, और न खुलने पर दूसरी चाबी से ताला खोलकर अंदर दाखिल हो जाता है। कुछ देर सीढ़ियों पर बैठने के बाद छत पर जाता है।

# निराश्रित गोवंश किसानों के लिए बन रहे मुसीबत जताया आक्रोश

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** बड़ी संख्या में निराश्रित गोवंश किसानों के लिए मुसीबत साबित हो रहे हैं। सरसों की फसल को सफाचट कर रहे हैं तो आलू की फसल को भी भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। किसानों के खून पसीने की कमाई आलू के बीज को निकालकर खा रहे हैं, यह कहना है भारतीय किसान यूनियन चढूनी के मंडल अध्यक्ष आगरा रामवीर सिंह तोमर का। सांड और निराश्रित गोवंश सड़कों गलियों पर घूमते हुए राहगीरों पर हमला कर उनकी जान के लिए खतरा बन रहे हैं। किसानों की हालत यह कि उन्हें अपनी फसल को इनसे बचाने के लिए खेतों पर रुककर रात में खेतों की चौकीदारी करनी पड़ जिला अध्यक्ष संजय पराशर का कहना है कि किसानों की हर स्तर पर अनदेखी की जा रही है, अधिकारी समस्याओं के प्रति गंभीर नहीं हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और जिला अधिकारी के आदेश के बाद भी जिम्मेदार निराश्रित गोवंश की समस्या के प्रति गंभीर नहीं हैं ।नहर बाबा सिल्ट और जलकुंभी से अटे हैं। सिंचाई के लिए पर्याप्त बिजली आपूर्ति नहीं की जा रही है। तहसील, बिजली विभाग, ब्लॉक, रजिस्ट्री ऑफिसों में भ्रष्टाचार चरम पर है। समस्याओं का जल्द निस्तारण नहीं हुआ तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। हरिपाल सिंह परिहार, ओमवीर सिंह, हीरा सिंह, मोहन सिंह, श्याम सिंह परिहार, छत्रपाल, सोनवीर सिंह तोमर आदि किसानों ने आक्रोश जताया है।

# ब्रजरज उत्सव में झूमेगा ब्रज, गूंजेंगी भक्ति और संस्कृति की स्वर लहरियां

वेलकम इंडिया

> उत्सव के मुख्य आकर्षण अतिथि कलाकारों के चयन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है।

**मथुरा।** भगवान श्रीकृष्ण की जन्मस्थली पर इस बार ब्रज रज उत्सव में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के ख्यातिप्राप्त कलाकारों की आवाज और कला का जादू बिखरेगा। गीत-संगीत और नृत्य-नाटिकाओं के माध्यम से देश के नामचीन कलाकार भक्ति और संस्कृति का अद्भुत संगम प्रस्तुत करेंगे।

धौली प्याऊ स्थित रेलवे ग्राउंड पर 26 अक्टूबर से शुरू हो रहे ब्रज रज उत्सव में इस वर्ष भक्ति संगीत के साथ ब्रज संस्कृति की झलक भी देखने को मिलेगी। यह आयोजन उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद, पर्यटन विभाग और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। उत्सव के मुख्य आकर्षण अतिथि कलाकारों के चयन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। इनमें हेमा मालिनी, पुनीत इस्सर, कन्हैया मित्तल, यास्मीन सिंह, रमा वैधनाथन, मिस्सी बासु, स्वप्रिल रास्ते और पद्मश्री मनोज जोशी जैसे प्रसिद्ध नाम शामिल हैं। ये सभी अपनी-अपनी विधा के अनुरूप मुख्य मंच पर शाम 7 बजे से प्रस्तुति देंगे। ब्रज रज उत्सव का शुभारंभ 26 अक्टूबर को यास्मीन सिंह की नृत्य नाटिका ह्रद डिवाइन कृष्णाह्र से होगा, जबकि समापन 5 नवंबर को भव्य कवि सम्मेलन के साथ किया जाएगा। इस सम्मेलन में देशभर के कवि अपनी ओजस्वी और हास्य रचनाओं से श्रोताओं को आनंदित करेंगे तथा वीर रस की कविताओं से देशभक्ति का संदेश देंगे। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के डिप्टी सीईओ सतीश चंद्र ने बताया कि पिछले साल की भांति प्रतिदिन विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया जाएगा। प्रवेश पूरी तरह निःशुल्क रहेगा तथा दर्शकों के लिए विशाल पंडाल में बैठने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इसके अलावा उत्सव में मनोरंजन, खानपान और हस्तशिल्प की स्टॉल भी रहेंगी।



# पूर्व सैनिको और पत्रकारों के लिए दीपावली मिलन समारोह में हुए शामिल

**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**



हापुड़ जनपद गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र के ग्राम रझेटी में बुधवार को दीपावली मिलन समारोह का आयोजन भाकियू संघर्ष के राष्ट्रीय अध्यक्ष और अतुल्य गंगा ट्रस्ट के जिलाध्यक्ष इरकान चौधरी के आवास पर हुआ। यह आयोजन न केवल त्योहार की खुशी मनाने का अवसर बना, बल्कि समाज में सेवा, समर्पण और सहयोग के महत्व को भी सामने लाया। समारोह में विशेष रूप से पूर्व सैनिको और पत्रकारों को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम की शुरूआत इरकान चौधरी के ग्राम प्रधान आवास से हुई।समारोह में शामिल सभी अतिथियों ने मिलकर दीपावली की खुशियों को साझा किया। इस मौके पर पूर्व सैनिको और पत्रकारों को प्रतीक चिन्ह, शॉल और मिठाई देकर सम्मानित किया गया। इरकान चौधरी ने कहा कि सैनिक देश की सीमा की रक्षा में अपनी जान न्योछावर करने को तत्पर रहते हैं, वहीं पत्रकार जनहित और न्याय के लिए समाज में लगातार सक्रिय रहते हैं। दोनों ही क्षेत्रों में उनका योगदान अतुलनीय है और उन्हें समय-समय पर सम्मानित किया जाना चाहिए।पूर्व वारंट ऑफिसर मनवीर सिंह और वरिष्ठ पत्रकार भूपेन्द्र शर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि देशभक्ति केवल शब्दों तक सीमित नहीं होती, बल्कि उसे कर्म में दिखाना पड़ता है। इस समारोह ने यही संदेश दिया कि समाज के विभिन्न क्षेत्र मिलकर जब सम्मान और सहयोग की भावना से जुड़ते हैं तो सामूहिक ऊर्जा बढ़ती है। कार्यक्रम में दिल्ली और अन्य क्षेत्रों से आए कलाकारों ने देशभक्ति गीतों और मनोरंजन गीतों की प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम का यह पहलू न केवल आनंददायक था, बल्कि समाज में भाईचारे और एकता का संदेश भी फैलाने वाला साबित हुआ। साथ ही कार्यक्रम में वृक्षारोपण के लिए पौधे वितरित किए गए, जिससे पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता और प्रेरणा पैदा हुई।समारोह में केप्टन राजेश चौधरी, गोपी चंद, महेन्द्र सिंह, जगदीश चौहान, शाहीद अली, चमन सिंह, महेश चौहान, समरपाल सिंह, मनोज प्रधान, प्रेमपाल सिंह, चंद्रवीर सिंह, जसवीर, पत्रकार पीतम सिंह, सीबी त्रिपाठी, भूपेन्द्र सागर, गुफरान अली, अमजद अली, हरेन्द्र शर्मा, दानिश चौधरी, मुरलीधर शर्मा, आरिफ अली, दीपक सागर, अकबर अली, सोनू उपाध्याय, राजकुमार शर्मा, अभिषेक कश्यप, दयानंद, जितेन्द्र, भूषण, सुनील जसवीर समेत सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लिया। सभी ने मिलकर दीपावली की खुशियों का आनंद लिया और समारोह को यादगार बनाया।इस आयोजन ने यह स्पष्ट किया कि त्योहार केवल रोशनी और मिठाई तक सीमित नहीं हैं। यह समाज में मिलजुल कर रहने, योगदान देने और सम्मान प्रकट करने का भी अवसर है।

पूर्व सैनिको और पत्रकारों के सम्मान के माध्यम से यह संदेश भी गया कि समाज के हर क्षेत्र के लोग जब एकजुट होकर योगदान करते हैं तो समाज का हर सदस्य सम्मान और सुरक्षा का अनुभव करता है।

## सपा के प्रबल इंजन पर संजय निषाद का वार बोले, इंजन सही होता तो लोग क्यों उतरते

**वेलकम इंडिया**



**बरेली।** समाजवादी पार्टी के नए स्लोगन प्रबल इंजन, सपा का विजन पर अब सियासी घमासान शुरू हो गया है। निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और कैबिनेट मंत्री संजय निषाद ने इस पर तंज कसते हुए कहा है कि अगर इंजन सही होता, और प्रबल होता तो लोग उसमें से क्यों उतरते ? उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा कि सपा का इंजन ही खराब है, तभी तो सारे नेता एक-एक कर पार्टी छोड़ रहे हैं। आपको बता दें कि बरेली सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत के दौरान संजय निषाद ने कहा कि योगी आदित्यनाथ की सरकार में अब तक कोई दंगा नहीं हुआ है, जो इस बात का सबूत है कि प्रदेश में कानून का राज कायम है। उन्होंने कहा कि बिहार में भी एनडीए की सरकार बनेगी और वहां विकास का इंजन पटरी पर दौड़ेगा। सीएम योगी के हलाल वाले बयान का समर्थन करते हुए निषाद ने कहा कि देश संविधान से चलता है, शरियत से नहीं। उन्होंने कहा कि एनडीए ही देश को आगे ले जाने वाला असली इंजन है, बाकी सब दिखावा है। गौरतलब है कि हाल ही में सपा प्रमुख अखिलेश यादव के जन्मदिन पर लखनऊ में ह्लप्रबल इंजन, सपा का विजनह्व वाला नया स्लोगन लगाया गया था, जिसके बाद अब विपक्षी दलों ने उस पर तंज कसना शुरू कर दिया है।

## कोल्डड्रिंक व्यापारी से ठगी, फर्जी चेक थमाकर 900 पेटी कैम्पा उतरवाई

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**

**बरेली।** थाना फतेहगंज पश्चिमी के एक व्यापारी के साथ ठगी का बड़ा मामला सामने आया है। शातिर ठग ने खुद को फरीदपुर में दुकान और मोहनपुर ठिरिया में गोदाम का मालिक बताकर 900 पेटी कैम्पा कोल्डड्रिंक का ऑर्डर दिया। व्यापारी ने भरोसे में आकर पूरा माल पहुंचा दिया, लेकिन बदले में एक फर्जी चेक मिला। जानकारी के अनुसार फतेहगंज पश्चिमी निवासी सुनील गुप्ता, जो श्री खाटू श्याम जी ट्रेडर्स एजेंसी चलाते हैं, ने बताया है कि 6 सितंबर की रात उन्हें एक अज्ञात नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को फरीदपुर कोतवाली के सामने दुकान और मोहनपुर ठिरिया में गोदाम का मालिक बताया। उसने 900 पेटी कैम्पा कोल्डड्रिंक का ऑर्डर दिया और कहा कि माल पहुंचाने पर भुगतान कर दिया जाएगा। सुनील गुप्ता उसी रात करीब साढ़े आठ बजे 400 पेटी कैम्पा लेकर बताए गए पते पर पहुंचे। कुछ देर बाद वहां गगन अरोरा नाम का व्यक्ति पहुंचा और खुद को वही ग्राहक बताया। उसने 400 पेटी माल उतरवाया और 500 पेटी और मंगाने को कहा। भरोसे में आकर व्यापारी दोबारा माल लेकर पहुंचा। बताया जाता है कि 500 पेटियों में से 300 पेटी उसी गोदाम पर और बाकी 200 पेटी फरीदपुर कोतवाली के सामने उसकी कथित दुकान पर उतरवा दी गईं। जब व्यापारी ने भुगतान मांगा तो गगन अरोरा ने पंजाब नेशनल बैंक का चेक थमा दिया। बैंक में चेक लगाने पर पता चला कि चेक किसी और व्यक्ति का है। पीड़ित के अनुसार, जब उसने दोबारा संपर्क करने की कोशिश की तो आरोपी का फोन बंद मिला। बाद में जब वह गोदाम और दुकान पर पहुंचे तो पता चला कि यह लोग एक संगठित गिरोह चलाते हैं, जो लोगों को इस तरह ठगकर उनकी मेहनत की कमाई हड़प लेते हैं। व्यापारी ने जब पैसे मांगे तो उन्हें गाली-गलौज कर भगा दिया गया। सुनील गुप्ता ने फरीदपुर और कैंट थाने में तहरीर दी, लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई। उसके बाद पीड़ित ने एसएसपी अनुराग आर्य से इस मामले की शिकायत की, एसएसपी के आदेश के बाद कैंट पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## मेयर की दिवाली में कुछ खास को मिली नोटों के लिफाफों और अटैची की सौगात

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**



**बरेली।** दिपावली के मौके पर जहां एक तरफ शहरवासी टूटी, बदहाल सड़कों, गंदगी और जलभराव से परेशान रहे, वहीं दूसरी तरफ नगर निगम के मेयर उमेश गौतम ने पार्षदों की 'दिपावली' अलग अंदाज में मना डाली। सोशल मीडिया पर वायरल तस्वीरों में मेयर को पार्षदों को नोटों से भरे लिफाफे और अटैची बांटते हुए साफ देखा गया है। तस्वीरें वायरल होते ही शहर में सियासी हलचल मच गई। विपक्षी पार्षदों ने तंज कसा कि मेयर साहब ने दिपावली का गिफ्ट नहीं, जुबान बंद रखने का सौदा किया है। सूत्रों के मुताबिक, मेयर ने भाजपा से जुड़े दर्जनों पार्षदों को अटैची और लिफाफा देकर 'त्योहार की परंपरा' निभाई, साथ में मिठाई का डिब्बा भी उनके हांथों में थमाया गया। जबकि सपा और कांग्रेस पार्षदों को सिर्फ मिठाई का डिब्बा ही देकर रुखसत किया गया। वहीं, चर्चा ये भी है कि मुस्लिम पार्षदों को लिफाफे और अटैची घर पर चुपचाप भिजवा दी गई, ताकि मामला ज्यादा तूल न पकड़े। इन वायरल फोटो और वीडियो को देख अब शहरवासी पूछ रहे हैं कि 6000 करोड़ खर्च करने के बाद भी बरेली की सड़कें और नालियां क्यों बदहाल पड़ी हुई हैं ? कुछ खास अंदरूनी सूत्रों का दावा है कि निगम के ठेकों में 12 से 15 प्रतिशत तक 'कमीशन कल्चर' आम हो चुका है। यही वजह है कि करोड़ों की लागत से बनी सड़कें छह महीने में ही उखड़ जाती हैं। बताया जा रहा है कि हर लिफाफे में 10 हजार रुपये से ज्यादा की रकम थी। इस मामले पर जब मेयर उमेश गौतम से संपर्क करने की कोशिश की गई, तो उन्होंने कॉल रिसीव नहीं की। सोशल मीडिया पर वायरल तस्वीरों में पार्षद अटैची और लिफाफा थामे मुस्कराते नजर आ रहे हैं। उधर जनता में चर्चा का सिर्फ एक ही मुद्दा है ₹मेयर की दिवाली, जनता की बदहाली।

## धूमधाम से मना भैया दूज का पर्व

**जहांगीराबाद/बुलंदशहर/** नगर में भाई-बहन के अटूट स्नेह का प्रतीक पर्व भैया दूज हर्षोल्लास एवं पारंपरिक श्रद्धा के साथ मनाया गया। सुबह से ही बहनों ने अपने भाइयों के तिलक, आरती और मिठाई से स्वागत कर उनके दीर्घायु और सुख-समृद्धि की कामना की। वहीं भाइयों ने भी अपनी बहनों को उपहार भेंट कर स्नेह का प्रतीक प्रस्तुत किया। नगरभर में उत्सव का उल्लासपूर्ण माहौल देखने को मिला। बाजारों में मिठाइयों, उपहारों और राखियों की खरीदारी को लेकर दिनभर रौनक बनी रही। कई परिवारों में इस अवसर पर सामूहिक भोज का आयोजन किया गया, जिसमें स्नेह और भाईचारे का भाव स्पष्ट झलकता नजर आया। भैया दूज के पावन पर्व पर मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना हुई। लोगों ने अपने बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया और समाज में प्रेम, सौहार्द एवं एकता का संदेश दिया। भैया दूज का यह पर्व भाई-बहन के रिश्ते की मयार्दा, प्रेम और अपनत्व का प्रतीक बनकर सभी के हृदयों में आनंद घोल गया।

## रेलवे सुरक्षा बल वाराणसी ने डॉग स्क्वाड के साथ वाराणसी स्टेशन पर सकुर्लेटिंग एरिया, प्लेटफार्म एवं टिकट घर का किया संघन चेकिंग



**(संतोष कुमार सिंह)**

**वाराणसीः-** रेलवे सुरक्षा बल वाराणसी एवं डॉग स्क्वाड के द्वारा रेलवे स्टेशन वाराणसी पर छठ-पूजा त्यौहार के मद्देनजर विशेष रूप से अभियान चलाकर सकुर्लेटिंग एरिया, प्लेटफार्म एवं टिकट घर की सघन चेकिंग की गई इस दौरान यात्रियों से अपील किया गया कि किसी भी अपरिचित व्यक्ति का लिया दिया ना खाएं ना पिए ताकि वह किसी जहर खुरानी का शिकार ना हो सके यदि यात्रा के दौरान कोई भी समस्या होती है तो 139 के माध्यम से तुरंत सूचना दें स्टेशन पर भीड़-भाड़ को देखते हुए एक जगह इकट्ठा न रहने तथा चलते-फिरते रहने की अपील की गई तथा आने जाने वाली गाड़ियों व स्टेशन पर बराबर भीड़ नियंत्रण की कार्रवाई की जा रही है गाड़ियों में चेन पुलिंग न करने तथा रेलवे सुरक्षा बल का सहयोग करने की अपील की गई सीसीटीवी कैमरे से लगातार निगरानी की जा रही है आरपीएफ निरीक्षक वाराणसी संदीप कुमार यादव के निर्देशन में स्टेशन परिसर सकुर्लेटिंग एरिया व प्लेटफार्म पर विशेष अभियान चलाकर चेकिंग की गई चेकिंग के दौरान स्टेशन वाराणसी सकुर्लेटिंग एरिया नो पार्किंग जोन में वाहन लगाने के जुर्म में तीन वाहन चालकों के विरुद्ध रेलवे एक्ट की धारा 159 में मामला पंजीकृत किया गया तथा स्टेशन वाराणसी न्यू एफओबी स्टेशन फ्रंट साइड एस्केलेटर पर यात्रियों से न्यूसेंस करने के जुर्म में चार व्यक्तियों के विरुद्ध रेलवे एक्ट की धारा 145 में मामला पंजीकृत किया गया तथा आरपीएफ वाराणसी के अधीन आउट पोस्ट बाबतपुर परिक्षेत्र में अवैध वेंडिंग करने के जुर्म में तीन व्यक्तियों के विद्युत विरुद्ध रेलवे एक्ट की धारा 144 में मामला पंजीकृत किया गयो कुल दस के खिलाफ रेलवे एक्ट में मामला पंजीकृत किया गया।

## स्नातक विधान परिषद चुनाव की वोट बनवाने में तेजी लाएं कार्यकर्ता को ऑर्डिनेटर: ज्ञानेंद्र सिंह राघव

बुलंदशहर बुधवार को कांग्रेस नेता व कार्यकताओं की बैठक अध्यक्ष पद की पूर्व प्रत्याशी व कोऑर्डिनेटर प्रज्ञा गौड़ के नेतृत्व में एडवोकेट शलभ शर्मा की अध्यक्षता में उनके अनूपशहर स्थित आवास पर विधानसभा प्रभारी अनूपशहर व उपाध्यक्ष सलाम खान के आहवान पर बैठक आयोजित की गई, 6 अक्टूबर से प्रथम चरण 5 नवंबर तक पदाधिकारी व कार्यकताओं को दिए गए 20 वोटों के लक्ष्य के सापेक्ष अनूपशहर में काम न होने पर समीक्षा बैठक में उपस्थित कोऑर्डिनेटर प्रज्ञा गौड़ व ज्ञानेंद्र सिंह राघव ने नाराजगी प्रकट कर नेता व कार्यकताओं से दिसंबर 2022 तक स्नातक पूर्ण कर चुके शिक्षित छात्र–छात्राओं के फार्म भरवा कर कांग्रेस पार्टी के मेरठ सहारनपुर सीट पर घोषित प्रत्याशी विक्रांत त्यागी को विजई बनाने के अभियान के साथ सभी से नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जी द्वारा शिक्षित युवाओं की लड़ी जा रही बेरोजगारी महंगाई आदि की लड़ाई को जन–जन तक पहुंच कर स्नातक विधान परिषद चुनाव में कांग्रेस को ताकत देकर मजबूत करने का आह्वान किया बैठक में आए हुए सभी नेता कार्यकताओं व वरिष्ठ कांग्रेस नेता एडवोकेट शलभ शर्मा, सेवानिवृत्ति प्रधानाचार्य राजेश शर्मा ने आभार प्रकट कर समय सीमा के अंदर 2 नवंबर तक फार्म जमा करने का आह्वान किया बैठक में प्रज्ञा गौड़, ज्ञानेंद्र राघव, सलाम खान, प्रधानाचार्य हेमंत शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण शर्मा, राजेंद्र शर्मा, कौशल शर्मा, ए डी खान सर, नरसिंह कुशवाहा, आदि लोग उपस्थिति रहें।

## तेलंगाना, न्यूयॉर्क और लखनऊ से आए श्रद्धालुओं ने किया काशी विश्वनाथ धाम में दिव्य पूजन, भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम

**(संतोष कुमार सिंह)**



**वाराणसी :-** आस्था और अध्यात्म की नगरी काशी में गुरुवार का दिन विशेष रहा जब देश और विदेश से आए श्रद्धालुओं ने श्री काशी विश्वनाथ धाम में भव्य दर्शन- पूजन कर आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव कियो तेलंगाना, न्यूयॉर्क एवं लखनऊ से पधारे श्रद्धालुओं में वेमुरी वेंकटेश्वर राव वेमुरी श्रीवाणी (न्यूयॉर्क) और रिलायंस जियो के डिप्लॉयमेंट हेड (उत्तर प्रदेश ईस्ट) रविंद्र मिश्रा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे सभी श्रद्धालुओं ने बाबा विश्वनाथ के दरबार में विधिवत रुद्राभिषेक और पूजन-अर्चन कर देश की उन्नति, एकता और कल्याण की कामना की। अपने भाव व्यक्त करते हुए रविंद्र मिश्रा ने कहा काशी आना केवल यात्रा नहीं, यह आत्मा से जुड़ने का अनुभव है यहाँ हर धड़कन में शिव का स्पंदन महसूस होता है और हर घाट भक्ति से आलोकित है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में धाम का जो भव्य पुनर्निर्माण हुआ है वह भारत की सनातन विरासत को नई पहचान दे रहा है। दर्शन-पूजन के उपरांत विश्व हिंदू रक्षा परिषद के राष्ट्रीय मंत्री कृष्णा पांडेय ने श्रद्धालुओं को काशी की आध्यात्मिक महत्ता और सांस्कृतिक गौरव के बारे में विस्तार से बताया उन्होंने कहा काशी केवल तीर्थ नहीं बल्कि यह हमारी सनातन संस्कृति की आत्मा है यहाँ की हर गलियों में परंपरा सांस लेती है और हर मंदिर में भक्ति प्रवाहित होती है। इस पावन अवसर पर प्रदेश संगठन मंत्री राजेश मौर्य और अखिलेश कुमार (विश्व हिंदू रक्षा परिषद) भी उपस्थित रहें कार्यक्रम का सम्पूर्ण वातावरण श्रद्धा, भक्ति और राष्ट्रीय गर्व से ओतप्रोत रहा ह्यहर हर महादेव के जयघोष से संपूर्ण काशी गुंजायमान हो उठी।

## धर्मराज भगवान श्री चित्रगुप्त की जयंती बहुत ही धूमधाम से मनाई गयी



**(संतोष कुमार सिंह)**

**वाराणसी :-** पाप पुण्य के लेखा जोखा रखने वाले धर्मराज भगवान श्री चित्रगुप्त की जयंती रघुनाथ नगर महमूरगंज स्थित प्राचीन श्री राम जानकी मंदिर में स्थापित भगवान श्री चित्रगुप्त की जयंती गुरुवार को बहुत धूमधाम से मनाई गयी इस अवसर पर मन्दिर प्रांगण में स्थापित भगवान श्री गणेश श्री लक्ष्मी नारायण, श्री राम दरबार, संकटमोचन बाबा, माता दुर्गा, माता गौरा पार्वती, श्री राधा कृष्ण, श्री गरुण भगवान, श्री कार्तिकेय भगवान, माता अन्नपूर्णा, नर्मदेश्वर भगवान को माला फूल से श्रृंगार कर मन्दिर परिसर को एवं रंग बिरंगे झालरों से सजाया गया था। भगवान श्री चित्रगुप्त के पूजन के साथ- साथ विश्व कल्यार्थ महायज्ञ पंडित पवन तिवारी ने कियो इस अवसर पर शशिकांत श्रीवास्तव, दीपेंद्र कुमार श्रीवास्तव, राजेश कुमार श्रीवास्तव, गुड्डू भैया, संजय कुमार श्रीवास्तव, प्रदीप वर्मा, सुनील श्रीवास्तव, विंध्याचल श्रीवास्तव, शशि श्रीवास्तव, कामिनी श्रीवास्तव, दुर्गा देवी, नीरु श्रीवास्तव, हिमांशु श्रीवास्तव, कृपा शंकर श्रीवास्तव, शिवजी सिन्हा, मनोज श्रीवास्तव विश्व हिन्दू महासंघ महायज्ञ में शामिल रहे। तत्पश्चात चकाचौंध ज्ञानपुरी, पूनम श्रीवास्तव द्वारा हास्य-व्यंग्य कविताएं पढ़कर भक्तों का मन मोह लियो अन्त में भक्तों ने भण्डारा में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया जिसमें वरिष्ठ कांग्रेस नेता अनिल श्रीवास्तव स्नातक विधान परिषद सदस्य आशुतोष सिन्हा आदि शामिल रहे।

## मारवाड़ी समाज एवं मारवाड़ी महिला संगठन वाराणसी द्वारा धूमधाम से मनाया गया दीपावली मिलन समारोह

**(संतोष कुमार सिंह)**

**वाराणसी :-** मारवाड़ी समाज एवं मारवाड़ी महिला संगठन वाराणसी द्वारा महमूरगंज स्थित शुभम लान में दीपावली मिलन समारोह बड़े धूमधाम से मनाया समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने लक्ष्मी गणेश जी की पूजन की वह एक दूसरे को दीपावली की बधाइयां दीं तत्पश्चात संस्था के अध्यक्ष प्रदीप तुलस्यान ने कहा कि काशी में आए शिव भक्त मारवाड़ी समाज के लोगों का हम सभी लोग स्वागत करते हैं मारवाड़ी समाज भवन का नवीनीकृत कराया गया जिसमें बाहर से आए समाज के लोगों को ठहरने की सुविधा प्रदान कर सकें संरक्षक मंडल के अध्यक्ष रमेश कुमार चौधरी, उपाध्यक्ष उमाशंकर अग्रवाल ने संयुक्त रूप से अपने उद्बोधन में कहा कि मारवाड़ी समाज का स्वर्णिम इतिहास रहा है हम समर्पण के साथ राष्ट्र के निर्माण और विकास में हर संभव योगदान करते आ रहे हैं मारवाड़ी समाज की एकता ही राष्ट्र हित में सहायक होगी हम सभी लोग मिलकर समाज के हर समस्याओं का निदान करेंगे संस्था के प्रधानमंत्री मनोज जाजोदिया ने बताया कि समाज में जो बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं उन्हें आगे पढ़ने के लिए स्कॉलरशिप की व्यवस्था की गई है राजस्थान से आए कलाकारों द्वारा गणेश वंदना की तत्पश्चात राजस्थानी लोकगीत नृत्य व मारवाड़ी महिला संगठन की सदस्यों द्वारा एक दीपक शहीदों के नाम कार्यक्रम प्रस्तुत किया जो यादगार रहा साथ ही मेघा आकृस्टा म्यूजिकल बैंड आर्केस्ट्रा फोक डांस के साथ अद्भुत आतिशबाजी गगनचुंबी को छू रही थी अंत में निशुल्क मेघा लकी ड्रा निकाली गई जिसमें पहले रेफ्रिजरेटर दूसरा वाशिंग मशीन तीसरा टेलीविजन सहित व बीस लोगों को आकर्षक गिफ्ट बांटा गया समारोह में आए लोगों ने चटपटी चाट के साथ स्वादिष्ट व्यंजन का लुफ्त उठायो कार्यक्रम का संचालन संस्था के प्रधानमंत्री मनोज जाजोदिया ने कियो धन्यवाद प्रकाश प्रशांत केजरीवाल ने किया संयोजन में दीपक बजाज कार्यक्रम संयोजक अनूप पोद्दार प्रशान्त केजरीवाल, सौरभ शाह, गोविंद अग्रवाल, गुरु कृपा, प्रचार मंत्री सुरेश तुलस्यान, पवन कुमार अग्रवाल, मनीष शाह सांस्कृतिक मंत्री अजय यादुका, उमाशंकर अग्रवाल, कविता भालोटिया, श्रद्धा अग्रवाल, महेश चौधरी, संजीव शाह, नारायण खेमका, राधे गोविंद केजरीवाल आदि मौजूद रहे।



# पुलिस आयुक्त ने मोदीनगर कोतवाली व निवाड़ी थाने का किया निरीक्षण

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट के पुलिस आयुक्त जे. रविंद्र गौड ने अधीनस्थ पुलिस कर्मियों को निर्देशित किया कि वे पुलिस व पब्लिक के मध्य चौड़ी होती खाई को खत्म करने के लिए आगुन्तक पीड़ितों की शिकायतों को सहानुभूतिपूर्वक सुनें और उनके प्रति मानवीयता एवं सहयोगपूर्ण रवैया अपनाएं। जे. रविंद्र गौड आज गुरूवार को मोदीनगर कोतवाली एवं निवाड़ी थाने का निरीक्षण कर रहे थे। उन्होंने अभिलेखों का उचित रख-रखाव, सफाई, महिला डेस्क व निरीक्षण किया तथा संतोष जताया। उन्होंने मोदीनगर कोतवाली में नवनिर्मित मालखाने के कक्ष का भी मुआयना किया और आवश्यक निर्देश दिए। पुलिस कर्मियों को निर्देशित करते हुए पुलिस कमिश्नर ने कहा कि वादी संवाद दिवस पर विवेचक वादकारियों को थाने बुलाकर उनसे संवाद स्थापित करें और उन्हें वाद संबंधी प्रगति संपूर्ण जानकारियों से अवगत कराएं। इसी प्रकार थाना दिवस पर पुलिस अधिकारी प्राप्त जनशिकायतों को सहानुभूतिपूर्वक सुनकर उनके त्वरित व उचित समाधान करें और फरियादियों को हर प्रकार से संतुष्ट करने का हर संभव प्रयास करें। तभी पुलिस व जनता के मध्य बेहतर तालमेल स्थापित हो पाएगा।





## आठ चीनी मिलों को गन्ना आवंटित, चार नए क्रय केंद्र बनाए गए

**मुजफ्फरनगर।** नए पेराई सत्र के लिए चीनी मिलों का गन्ना आवंटन कर दिया गया है। खतौली चीनी मिल को सबसे ज्यादा गन्ना मिला है। इस बार चार नए केंद्र बनाए गए हैं। मेरठ, शामली और बागपत के किसान भी जिले में गन्ना आपूर्ति करेंगे। संभावित गन्ना उत्पादन को देखते हुए आवंटन की प्रक्रिया पूरी हो गई है। चीनी मिलों की पेराई क्षमता और पिछले सत्र में पेराई के दिनों की संख्या को भी ध्यान में रखा गया है। आवंटन में खतौली पहले, टिकौला दूसरे और तितावी चीनी मिल तीसरे स्थान पर रखी गई। रोहाना कलां चीनी मिल को सबसे कम गन्ने का आवंटन किया गया है। किसानों की मांग पर इस बार तितावी चीनी मिल क्षेत्र के गांव पीनना, खेड़ी दूधाधारी और नंगला पिथौरा में नए क्रय केंद्र बनेंगे। बुढ़ाना की भैसाना चीनी मिल क्षेत्र के लुहसाना गांव में विवाद को देखते हुए इस बार नए केंद्र को मंजूरी दी गई है। गांव में तंग गलियों के चलते आपूर्ति के दौरान विवाद की स्थिति बन जाती थी, इस बार मिल का क्रय केंद्र गांव को आवंटित कर दिया है।

# बसों के साथ ट्रेन भी फुल, सड़कों पर जाम

वेलकम इंडिया



**मुजफ्फरनगर।** भाई दूज पर्व पर रोडवेज बसों और ट्रेनों में भारी भीड़ रही। भीड़ के कारण यात्रियों को जान जोखिम में डालकर डग्गामार वाहनों के पायदान पर लटक कर सफर करना पड़ा। शहर के शामली, चरथावल रोड तथा खतौली में कई घंटे तक जाम लगा रहा। रोडवेज के मुजफ्फरनगर डिपो ने भैया दूज पर्व के लिए 50 बसों के दो-दो फेरे बढ़ाए थे। इसके बावजूद यात्रियों को काफी देर तक बसों का इंतजार करना पड़ा। दूरस्थ स्थानों पर जाने वाली कई बसों को लोकल क्षेत्र में चलाया गया। दिल्ली, देहरादून, शामली, बड़ौत, बुढ़ाना, बिजनौर मार्गों पर यात्रियों की भीड़ रही। नगर के शामली व चरथावल रोड पर सुबह से ही जाम के हालात रहे। यहां वाहन सवार लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। एआरएम प्रभात कुमार सिन्हा ने बताया कि यात्रियों की सुविधा के लिए रामपुर तिराहा, राना चौक, बरला, पुरकाजी, मंसूरपुर में रोडवेज कर्मचारियों को तैनात किया था, ताकि पीछे से आ रही बसों में यात्रियों को सवार कराया जा सके। उधर, ट्रेनों में भी भारी भीड़ रही और ट्रेनों में चढ़ने के लिए यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ी। रेलवे स्टेशन पर लाउडस्पीकर से सावधानीपूर्वक ट्रेन में चढ़ने के लिए अनाउंस किया जा रहा। रेलवे स्टेशन अधीक्षक पवन कुमार ने बताया कि यात्रियों की सुविधा के लिए स्टेशन पर कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई थी।

देहात के संपर्क मार्गों पर बसों की कमी से डग्गामार वाहन चालकों ने खूब कमाई की। बुढ़ाना, शाहपुर, चरथावल आदि मार्ग पर जीप, टाटा मैक्स आदि डग्गामार वाहनों की छतों पर बैठकर व पायदान पर लटक कर जान जोखिम में डाल कर यात्री गंतव्य तक पहुंचे।

## रालोद नेता देवेंद्र चौधरी से लॉरेंस बिश्नोई गैंग के नाम पर 5 करोड़ रुपये की मांगी रंगदारी

**मोदीनगर।** निवाडी थानाक्षेत्र के कस्बा पतला निवासी रालोद नेता देवेंद्र चौधरी को लॉरेंस बिश्नोई गैंग के नाम पर 5 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी गई है। बुधवार को उन्हें व्हाट्सएप कॉल के जरिए गोली मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। देवेंद्र चौधरी नगर पंचायत पतला की अध्यक्ष रीता चौधरी के पति हैं और रालोद के सक्रिय नेता माने जाते हैं। देवेन्द्र कुमार को विदेशी नंबर से कॉल और मैसेज किए गए है। आरोपी ने चार दिन में दो बार कॉल और मैसेज कर रंगदारी मांगी और जान से मारने की धमकी दी। आरोपी ने पहले धनतेरस को वहाट्सअप कॉल कर रंगदारी मांगी और फिर रात में मैसेज किया। बताया कि आरोपी ने धमकाया कि अभी तो तू दिवाली मना ले। पांच करोड़ रुपए तैयार रख नहीं तो गोली आएगी। इसके बाद आरोपी ने गोवर्धन की सुबह करीब 9.26 पर फिर वहाट्सअप कॉल की। कहा कि गोल्डी बरार बोल रहा हूं लोरेंस बिश्नोई गैंग से। आरोपी ने पांच करोड़ रुपए नहीं देने पर फिर से गोली मारने की धमकी दी। देवेंद्र चौधरी अपने भाई और रालोद के वरिष्ठ नेता योगेंद्र चौधरी के साथ निवाड़ी थाने पहुंचे और पुलिस को तहरीर दी। इस धमकी के बाद से उनका परिवार दहशत में है और घर से बाहर निकलने से भी डर रहा है। सहायक पुलिस आयुक्त अमित सक्सेना ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और मामले की जांच की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि कॉल किसी शरारती तत्व ने की थी या वास्तव में किसी गैंग का हाथ है।

## भाई-बहन के प्रति स्नेह और समर्पण का पर्व भाई दूज हर्षोल्लास पूर्वक सम्पन्न

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** भाई–बहन के अटूट प्रेम, स्नेह का प्रतीक पर्व भाईदूज मोदीनगर व मुरादनगर में गुरूवार को हर्षोल्लासपूर्वक सम्पन्न हुआ। बहनों ने भाइयों को टीका कर गोला (नारियल) व मिष्ठान देकर भाई–भतीजों की दीघार्यु तथा सुख, समृद्धि की कामनाएं की। भाइयों ने बहनों के प्रति निष्ठावान व पूर्णत: समर्पण का आश्वासन देते हैं, साथ ही बहनों के प्रति अपने कर्तव्यों का संकल्प लेते हैं, साथ ही भाई अपनी सार्मथ्यानुसार बहनों को उपहार व धन देते हैं। ऋषभ विहार कालोनी निवासी शशिप्रभा, रजनी शर्मा, राजेश्वरी खटाना, कुमुद पंत आदि अनेक महिलाओं के अनुसार भाईदूज का पर्व एक ऐतिहासिक त्यौहार है, जो भाई बहनों के संबंधों को सुदृढ़ व स्थायी बनाता है। इस दिन कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष की द्वितीय तिथि को बहन के हाथ का भोजन करने वाले भाई धर्म, अर्थ, आयुष एवं विविध प्रकार के सुख प्राप्ति के अधिकारी होते हैं।

# ट्रेनों में वापसी का रेला, महिला, दिव्यांग, लगेज बोगियों के साथ शौचालय में भी कब्जा

वेलकम इंडिया



**लखनऊ।** दीपावली व भैया दूज के बाद दिल्ली, मुंबई, बिहार रूट की ट्रेनों में बृहस्पतिवार को ठसाठस भीड़ रही। बहुत से लोगों को बोगियों में खड़े होने तक की जगह नहीं मिली। शौचालय में भी यात्रियों ने कब्जा जमा लिया। महिला, दिव्यांग व लगेजयान तक में भीड़ जा घुसी। आरपीएफ व जीआरपी जवान व्यवस्थाओं को बनाए रखने में विफल साबित हुए, जिससे अराजकता की स्थिति बनी रही। बृहस्पतिवार को ये हाल चारबाग रेलवे स्टेशन सहित कमोबेश शहर के सभी रेलवे स्टेशनों पर देखने को मिला। त्योहार बाद लखनऊ से दिल्ली, मुंबई, पंजाब, जम्मू-कश्मीर, बिहार रूट की ट्रेनों में यात्रियों की सर्वाधिक भीड़ उमड़ी। गोरखपुर से पनवेल जाने वाली गोरखपुर पनवेल एक्सप्रेस बृहस्पतिवार को जब रेलवे स्टेशन पहुंची तो यात्रियों की भीड़ बोगियों में काबिज हो गई। जनरल व स्लीपर बोगियों के पैसेज से लेकर शौचालय तक में यात्री खड़े रहने की जगह बनाने के लिए जूझते नजर आए। यही हाल त्रिवेणी एक्सप्रेस में देखने को मिला। ट्रेन में पैर रखने तक की जगह नहीं बची। यात्री बोगी के दरवाजे का हैंडल पकड़कर सफर करते दिखे। आरपीएफ उन्हें ऐसा करने से रोकने का प्रयास किया, लेकिन भीड़ अधिक होने के कारण व्यवस्थाएं चरमरा गईं। लखनऊ से रवाना होने वाली गोमती एक्सप्रेस, पद्मावत, गोरखधाम, अवध एक्सप्रेस, कुशीनगर एक्सप्रेस, सद्भावना, मरुधर आदि ट्रेनों में भी ऐसे ही हालात रहे। ट्रेनों की महिला व दिव्यांग बोगियों में भी यात्रियों की भीड़ ने कब्जा जमा लिया था। चारबाग स्टेशन पर बोगियों से लोगों को हटाने का प्रयास किया गया, लेकिन कोशिशें नाकाफी साबित हुईं। यात्री इन बोगियों के अतिरिक्त लगेजयान तक में जबरदस्ती घुसे रहे। चारबाग, लखनऊ जंक्शन, गोमतीनगर आदि रेलवे स्टेशनों से रवाना होने वाली ट्रेनों में आरक्षण करवाकर सफर करने वाले मुसाफिर भी परेशान नजर आए। स्लीपर व एसी बोगियों में भी अपनी आरक्षित सीट तक पहुंचने में यात्रियों को खासी मशक्कत करनी पड़ी।

# 33.33 लाख की ठगी में आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

वेलकम इंडिया

**मुजफ्फरनगर।** सेवानिवृत इंजिनियर को डिजिटल अरेस्ट कर 33.33 लाख रुपये की ठगी के मामले में एक आरोपी की जमानत अर्जी अदालत ने खारिज कर दी। सुनवाई के बाद अपर सिविल जज जूनियर डिविजन कोर्ट संख्या-1 के पीठासीन अधिकारी अमित कुमार यादव ने अपराध गैर जमानतीय और गंभीर प्रकृति का होने के कारण आरोपी की जमानत अर्जी खारिज कर दी। पिछले महीने 11 सितंबर को साउथ सिविल लाइन निवासी सेवानिवृत्त इंजीनियर आरके गोयल ने साइबर क्राइम थाने में मुकदमा कायम कराया था। 12 अक्तूबर को पुलिस ने ठगी के सरगना भिलाई छत्तीसगढ़ निवासी सरगना राजू के साथ थाना डल्ली रजहारा जिला बालोड़ (छत्तीसगढ़) निवासी अमन सिन्हा और अमृतसर निवासी संदीप सिंह उर्फ सन्नी को गिरफ्तार कर लिया था। आरोपियों के कब्जे से तीन बैंक खातों से 24 करोड़ रुपये की ठगी का मामला प्रकाश में आया था। इनकी 16 शिकायतें दर्ज हैं। यह गिरोह खातों से रुपये निकालकर अपना हिस्सा रख लेते थे और बाकी रकम साइबर ठगों को भेजते थे। बचाव पक्ष की ओर से अमन सिन्हा की जमानत अर्जी दाखिल की गई। इस केस में छह आरोपी जा चुके जेल : सितंबर में साइबर ठगी के तीन सदस्यों को साइबर थाना टीम जेल भेज चुकी है। इनमें ऋषिकेश निवासी हर्ष, निखिल व दीपक को पकड़ा गया था। तीनों पिछले तीन सालों से मुख्य आरोपी राजू के साथ मिलकर इस धंधे में संलिप्त रहे है। साउथ सिविल लाइन निवासी पीड़ित आरके गोयल को 11 सितंबर को फोन पर खुद को ट्राई व ईडी का अधिकारी बताते हुए डिजिटल अरेस्ट कर लिया गया। दिल्ली के थाना दरियागंज में उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज होने का दावा किया। ठगी के लिए व्हाट्सएप कॉल करने वालों में दरियागंज थाने के कथित आईपीएस अधिकारी, सीबीआई अधिकारी और जज के नाम से व्टाटसएप कॉल की गई। इस तरह नाटकीय अंदाज में वारदात को अंजाम देते हुए लाखों रुपये फर्जी बैंक खातों में ट्रांसफर कराए गए।

## दीवाली की रात गोलियों की तड़तड़ाहट से सहमे लोग

वेलकम इंडिया

■ प्रॉपर्टी डीलर और पत्नी पर फायरिंग, पुलिस की लापरवाही से बदमाशों के हौसले बुलंद

**गाजियाबाद।** दीवाली की जगमग रोशनी के बीच गोलियों की आवाज ने शहर की खुशियां मातम में बदल दीं। त्योहारों पर पुलिस की सख्ती और सुरक्षा के तमाम दावे उस समय धराशायी हो गए जब टीला मोड़ थाना क्षेत्र में बदमाशों ने एक प्रॉपर्टी डीलर और उनकी पत्नी पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। गनीमत रही कि दोनों बाल-बाल बच गए, लेकिन इस घटना ने एक बार फिर पुलिस की लापरवाही और कमजोर कार्रवाई की पोल खोल दी है। घटना 20 अक्टूबर की रात तुलसी निकेतन स्थित गगन विहार की है, जहां प्रॉपर्टी डीलर मनीष कुमार अपने परिवार के साथ घर पर दीपावली मना रहे थे। रात करीब आठ बजे उनके घर के बाहर अचानक चार लोग पहुंचे-राजेश फौजी, जगबीर सिंह, राजेश की पत्नी अनीता और अमन अधाना। ये लोग गाली-गलौज करने लगे और विरोध करने पर अचानक गोलियां चलानी शुरू कर दीं। मनीष और उनकी पत्नी जैसे-तैसे घर के अंदर भागे और अपनी जान बचाई। गोलियों की आवाज सुनकर आसपास के लोग डर के मारे अपने घरों में दुबक गए। दीपावली की जगमगाहट के बीच पूरे इलाके में सन्नाटा और दहशत फैल गई। फायरिंग की पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। इसके अलावा कुछ लोगों ने अपने मोबाइल फोन से भी वीडियो बनाई, जो बाद में पुलिस को सौंपी गई। पीड़ित मनीष कुमार ने चारों आरोपितों को नामजद करते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। उनका कहना है कि ये वही लोग हैं जिन्होंने 9 सितंबर को भी उन पर और उनके पिता पर गोली चलाई थी। उस समय भी मामला हत्या के प्रयास और बलवा जैसी गंभीर धाराओं में दर्ज किया गया था, लेकिन पुलिस ने हल्की धाराओं में आरोपियों का चालान कर दिया। पुलिस की इसी नरमी का नतीजा है कि अब वही आरोपी जेल से छूटने के बाद फिर से हमला करने आ गए। मनीष कुमार ने कहा कि अगर पुलिस ने पहली वारदात में सख्त कार्रवाई की होती तो आज ये नौबत नहीं आती। उनका आरोप है कि स्थानीय पुलिस ने मामले को हल्के में लिया और आर्म्स एक्ट की कमजोर धाराओं में कार्रवाई की, जिससे अपराधियों के हौसले इतने बढ़ गए कि वे दीवाली की रात खुलेआम हथियार लेकर गली में घूमते रहे। यह घटना न केवल एक परिवार पर हमला है बल्कि पुलिस के दावों और सुरक्षा व्यवस्था पर भी सीधा सवाल है। इससे पहले भी 9 सितंबर की रात मनीष कुमार और उनके पिता पर फायरिंग हो चुकी थी।

## गन्ना छोड़ अब गेंदा फूल से महक रही खेती

वेलकम इंडिया

**मोरना।** क्षेत्र में गन्ने की खेती से किसान खास पहचान रखते हैं। समय के साथ अब कुछ किसान खेती के तौर-तरीके भी बदल रहे हैं। खाईखेड़ी में गेंदा फूल की फसल किसानों को भाने लगी है। कम समय में अधिक मुनाफा किसानों को मिला है। बंपर पैदावार होने से उत्साहित होकर किसान अगली गेंदा की फसल बुवाई की तैयारी में जुटे हैं। मोरना ब्लॉक के गांव खाईखेड़ी निवासी युवा किसान अक्षय सैनी ने दिवाली पर तैयार गेंदे की फसल को 150 रुपये प्रति किलो के भाव बेचकर मुनाफा कमाया है। किसान का कहना है कि फूल की खेती का अनुभव बेहतर रहा है। कम समय और कम लागत में बेहतर उपज उन्होंने हासिल की है। अक्षय ने बताया कि उनके पास 12 बीघा जमीन है। तीन वर्ष पहले गन्ने की फसल से मोह भंग होने पर उन्होंने छह बीघा में गेंदे की फसल अप्रैल माह में की बुवाई थी।


# भाकियू नेता को हिरासत में लेने का विरोध

वेलकम इंडिया

**खतौली।** झगड़े के मामले में आरोपी को पकड़ने गई पुलिस भाकियू नेता को ही थाने ले आई। देर रात चूक का अहसास होने पर उसे छोड़ दिया। बृहस्पतिवार को भाकियू नेता ने वीडियो वायरल कर पीड़ा सुनाई। भाकियू कार्यकताओं ने थाने पर हंगामा किया। भूल की बात स्वीकार करने पर कार्यकर्ता लौट गए। भूड़ क्षेत्र के मोहल्ला इस्लामाबाद में तीन अक्तूबर को आस मोहम्मद और इरशाद चौहान पक्ष के बीच झगड़ा हो गया था। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया था। झगड़े में फारुक नामक व्यक्ति आरोपी है। दबिश के दौरान पुलिस आरोपी फारुक के घर न जाकर गलतफहमी में भाकियू कार्यकर्ता फारुक के मकान पर पहुंची और उसे पकड़कर थाने ले आई। पुलिस ने रात में ही भाकियू कार्यकर्ता को गलतफहमी बताकर छोड़ दिया था। बृहस्पतिवार सुबह भाकियू एनसीआर अध्यक्ष कपिल सोम के साथ कार्यकर्ता थाने पहुंचे और हंगामा किया। भाकियू कार्यकर्ता फारुक ने बताया कि वह खुद को निर्दोष बताता रहा लेकिन पुलिस ने सुनवाई नहीं की। परिवार के लोगों के साथ अभद्रता की गई। पुलिस ने भाकियू कार्यकताओं के सामने भूल स्वीकार की, इसके बाद मामला शांत हुआ। हंगामा करने वालों में प्रवेंद्र ढाका, सचिन चौधरी, जुल्फकार छोटा, दीपांकर चौहान, तहसील अध्यक्षत ललित त्यागी, अंकुश प्रधान शामिल थे। आत्मदाह की चेतावनी का वीडियो हुआ था वायरल : भाकियू कार्यकर्ता फारुक ने पुलिस पर उसके तथा परिवार के लोगों के साथ अभद्रता का आरोप लगाते हुए आत्मदाह करने की चेतावनी की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दी थी। इसके बाद भाकियू कार्यकर्ता एकत्र होकर थाने पहुंचे थे। वीडियो में फारुक ने बताया कि वह भाकियू में ब्लॉक सचिव है। पुलिस ने उसे तथा उसके भाई के साथ मारपीट करते हुए प्रताड़ित किया गया। इस मामले में न्याय न मिलने पर थाने में आत्मदाह करने की चेतावनी दी गई थी।

# स्कॉटलैंड में हर सेकेंड बनती हैं 100 बोतल स्कॉच व्हिस्की

दुनिया में अब तक सबसे अधिक स्कॉच व्हिस्की फ्रांस में पी जाती थी, लेकिन अब भारत ने यह रिकॉर्ड तोड़ दिया है। बीते वर्ष भारत ने लगभग 20 करोड़ बोतलों का आयात करके फ्रांस को पीछे छोड़ दिया। हाल ही में भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौता (ऋळअ) हुआ है। इसके तहत भारत में विश्वविख्यात स्कॉच व्हिस्की का आयात शुल्क दर 150 प्रतिशत से घटकर 75 प्रतिशत रह गया है। इससे जॉनीवॉकर और ब्लैक लेबल जैसी स्कॉच व्हिस्की की एक बोतल की कीमत में करीब 200 से 300 रुपए तक की कमी आएगी। भारत में स्कॉच व्हिस्की वर्षों से लोकप्रिय रही है, रॉयल फैमिली से लेकर फिल्मी सितारों और सेलिब्रिटीज तक, यह प्रतिष्ठा और स्वाद का प्रतीक बन चुकी है। इसकी लोकप्रियता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि जहां कभी फ्रांस स्कॉच व्हिस्की का सबसे बड़ा उपभोक्ता था, वहीं अब भारत उसकी जगह ले चुका है। भारत में जॉनीवॉकर और ब्लैक लेबल के अलावा शिवास रीगल, ब्लैक डाग, 100 पाइपर्स, पासपोर्ट, वेट 69, तथा ब्लैक एंड व्हाइट जैसे ब्रांड भी काफी प्रसिद्ध हैं। नए शुल्क लागू होने के बाद जॉनीवॉकर, शिवास रीगल और ग्लेनलिवेट जैसी स्कॉच व्हिस्की लगभग 3100 रुपए प्रति बोतल, जबकि कुछ अन्य ब्रांड लगभग 2500 रुपए प्रति बोतल में उपलब्ध होंगी। भारत में राजाओं और रियासतों के जमाने से स्कॉच व्हिस्की का इतिहास जुड़ा है। आज भी देश के सभी सैन्य कैंटोनमेंट, विभिन्न क्लबों, फाइवस्टार होटलों और महंगे रेस्तराओं में यह भरपूर बिकती है। स्कॉटलैंड का यह प्रसिद्ध मादक पेय इस वर्ष अपनी 520वीं वर्षगांठ मना रहा है। वहां हर सेकंड 100 बोतल स्कॉच व्हिस्की का उत्पादन होता है। करीब 90,000 लोग इस उद्योग से प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से जुड़े हैं और सरकार को कर के रूप में करोड़ों पाउंड की आमदनी होती है। जब भी व्हिस्की का नाम लिया जाता है और उसके साथ स्कॉच शब्द जुड़ जाता है, तो यह प्रतिष्ठा की बात बन जाती है। पहले भारत में बनी कुछ व्हिस्कियों के लेबल पर ह्यस्कॉच शब्द लिखा जाता था, परंतु अब दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले के बाद ह्यस्कॉच व्हिस्की केवल वही कहलाएगी, जो स्कॉटलैंड में बनी हो। दरअसल, स्कॉच व्हिस्की का अर्थ ही है स्कॉटलैंड में तैयार की गई व्हिस्की। उत्तरी अमेरिका के लोग इसे सिर्फ 'स्कॉच' कहते हैं, जबकि ब्रिटेन में 'व्हिस्की' का अर्थ ही 'स्कॉच व्हिस्की' माना जाता है। स्कॉटलैंड में यह परंपरा सैकड़ों वर्षों पुरानी है। सबसे पुरानी स्कॉच व्हिस्की का उल्लेख 1494 ईस्वी का मिलता है। 1644 में पहली बार व्हिस्की पर कर लगाया गया, जिसके कारण अवैध निर्माण बढ़ गया। बाद में ब्रिटिश संसद ने 1823 में डिस्टिलरी लाइसेंसिंग आसान कर दी, जिससे गुणवत्तापूर्ण स्कॉच व्हिस्की का आधुनिक युग शुरू हुआ। बीते कुछ वर्षों में व्हिस्की और रम दोनों के उत्पादन में तेजी से वृद्धि हुई है। अनुमान है कि दुनिया भर में सालाना करीब 8 अरब गैलन वाइन बिकती है। किसी भी बिजनेस पार्टी या फिल्मी समारोह में स्कॉच व्हिस्की का जश्नपूर्ण माहौल आम बात है। स्कॉटलैंड ने 28 मई को ह्यस्कॉच व्हिस्की डेह्व के रूप में इसकी 520वीं वर्षगांठ मनाई। पंद्रहवीं सदी के अंत में जहां यह उद्योग छोटे पैमाने पर शुरू हुआ था, आज स्कॉच व्हिस्की की 200 देशों में निर्यात होती है। यूनाइटेड किंगडम के शीर्ष पांच निर्यात उद्योगों में इसका नाम शामिल है। सन 2000 में ही स्कॉच व्हिस्की के निर्यात से देश को 5 अरब पाउंड की आमदनी हुई थी। केवल करों से ही सरकार को 2 अरब पाउंड प्रतिवर्ष मिलते हैं। व्हिस्की का निर्माण (स्कॉच-मेकिंग) एक अत्यंत जटिल प्रक्रिया है। यह एक ऐसा मादक पेय है, जो अनाज के घोल में यीस्ट मिला कर किण्वन और आसवन द्वारा तैयार किया जाता है। मुख्य रूप से अंकुरित जौ (माल्टेड बार्ली) का उपयोग होता है। पहले जौ को फुला कर सुखाया जाता है, फिर पानी में डालने से उससे वॉर्ट नामक मीठा रस बनता है। उसमें खमीर डाल कर वाश या लो बीयर नामक तरल तैयार किया जाता है, जिसमें लगभग 5 प्रतिशत अल्कोहल होता है। इसके बाद इसे दो प्रकार की भट्ठियों- पॉट स्टिल और कॉफी स्टिल में डिस्टिल किया जाता है। सर्वोत्तम गुणवत्ता के लिए पॉट स्टिल का प्रयोग किया जाता है। डिस्टिलेशन के बाद मिलने वाले पहले हिस्से को फोरशॉट्स कहा जाता है, जिसे दोबारा आसवन के लिए भेजा जाता है। अंतिम तरल न्यू मेक कहलाता है, जिसमें लगभग 60झ70 प्रतिशत अल्कोहल होता है। यह तरल विशेष प्रकार के लकड़ी के पीपों (कास्क्स) में भरकर वर्षों तक परिपक्व किया जाता है। धीरे-धीरे तरल का कुछ भाग वाष्पित हो जाता है, इसे एंजेल्स शेयर यानी 'भगवान का हिस्सा' कहा जाता है। कम से कम तीन वर्ष तक कास्क में परिपक्व किया गया पेय ही स्कॉच व्हिस्की कहलाता है। अधिकांश सिंगल माल्ट स्कॉच आठ वर्ष या उससे अधिक पुरानी होती है। व्हिस्की का स्वाद उसके रंग पर निर्भर नहीं करता। हल्के रंग की व्हिस्की में अल्कोहल कम होगा, यह धारणा गलत है। रंग केवल लकड़ी के प्रकार और उसमें रखे जाने की अवधि पर निर्भर करता है। व्हिस्की परोसने की भी एक कला होती है। बिना पानी या सोडा मिलाए जो व्हिस्की परोसी जाती है, उसे 'नीट' कहा जाता है। बर्फ डाल कर परोसी जाए तो 'ऑन द रॉक्स' कहलाती है।



वीरेंद्र बहादुर सिंह
जेड–436ए, सेक्टर–12,
नोएडा–201301 (उ.प्र.)
मो– 8368681336

# त्योहारों और सर्दियों को लेकर अलर्ट मोड पर गाजियाबाद कमिश्नरेट पुलिस

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** त्योहारों के मौसम और सर्दियों के आगमन को देखते हुए पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की ओर से सुरक्षा तैयारियों को लेकर पुलिस आयुक्त जे. रविन्दर गौड की अध्यक्षता में गुरुवार को पुलिस कार्यालय में क्राइम मीटिंग आयोजित की गई। बैठक में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (कानून-व्यवस्था/यातायात), अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अपराध एवं मुख्यालय), पुलिस उपायुक्त नगर, पुलिस उपायुक्त ट्रांस हिंडन, पुलिस उपायुक्त ग्रामीण जोन तथा सभी सर्किल एसीपी मौजूद रहे। बैठक में आगामी दिनों में कानून-व्यवस्था की समीक्षा, अपराध नियंत्रण की रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही सर्दियों के मौसम में बढ? वाले अपराधों पर अंकुश लगाने, और आगामी छठ पूजा के अवसर पर शहरभर में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने की रूपरेखा तय की गई। पुलिस आयुक्त ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सर्दियों के मौसम में अंधेरा जल्दी होने के कारण चोरी, सेंधमारी और राहगीरों से लूट जैसी घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है। इसे ध्यान में रखते हुए सभी थानों में गश्त को और अधिक प्रभावी बनाया जाए। औद्योगिक क्षेत्रों, पार्कों और सुनसान इलाकों में विशेष सतर्कता बरती जाए और संध्या के समय पुलिस की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि रात्रिकालीन गश्त को और मजबूती देने के लिए प्रत्येक थाना क्षेत्र को सेक्टरों में बांटा जाए ताकि हर क्षेत्र में पुलिस की नियमित निगरानी बनी रहे। सभी थाना प्रभारियों, चौकी इंचार्जों और रात्रि अधिकारियों की जिम्मेदारी तय कर दी गई है ताकि किसी भी प्रकार की चूक न हो। त्योहारों के दौरान विशेष रूप से छठ पूजा जैसे बड़े सार्वजनिक आयोजनों में शांति और सौहार्द बनाए रखने के लिए पुलिस ने व्यापक रणनीति तैयार की है। भीड़ प्रबंधन, यातायात व्यवस्था, पार्किंग की सुविधा और पूजा स्थलों पर ड्रोन से निगरानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। सभी संवेदनशील स्थलों पर सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता की जांच की जाएगी ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को समय रहते रोका जा सके। पुलिस आयुक्त श्री गौड ने कहा कि अपराधियों पर सख्त कार्रवाई के बिना शहर में अमन-चैन संभव नहीं है। उन्होंने संगठित अपराध, गैंगस्टर गिरोहों और आपराधिक नेटवर्क पर कड़ी निगरानी रखने और आवश्यकतानुसार गैंगस्टर एक्ट जैसी कठोर धाराओं में कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अपराधियों में भय और जनता में विश्वास- यही पुलिस की सफलता का असली पैमाना है।

बैठक में सम्पत्ति से संबंधित अपराधों जैसे चोरी, लूट और सेंधमारी पर नियंत्रण के लिए ठोस रणनीति तय की गई। संवेदनशील क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाने, रात के समय पुलिस गश्त को और अधिक सघन करने तथा संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान कर उनके विरुद्ध त्वरित कार्रवाई करने पर बल दिया गया। बैठक में महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सार्वजनिक स्थलों, शिक्षण संस्थानों, बाजारों और कार्यस्थलों के आसपास पुलिस की सक्रिय उपस्थिति बढ़ाने के निर्देश दिए गए। साथ ही महिला हेल्पलाइन नंबरों के प्रचार-प्रसार को व्यापक स्तर पर करने पर जोर दिया गया ताकि जरूरतमंद महिलाएं तुरंत सहायता प्राप्त कर सकें। पुलिस आयुक्त ने कहा कि हर थाना स्तर पर वादी संवाद दिवस का आयोजन कर फरियादियों को उनके अभियोगों की स्थिति से अवगत कराया जाए।

विवेचक और बीट पुलिस अधिकारी शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें ताकि लोगों को न्याय की भावना प्राप्त हो सके और पुलिस पर उनका विश्वास और मजबूत हो। जनसहभागिता को बढ़ावा देने के लिए पुलिस आयुक्त ने निर्देश दिए कि प्रत्येक थाना क्षेत्र में नियमित रूप से जन चौपाल, सामुदायिक बैठकें और जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। स्थानीय नागरिकों, व्यापारी संगठनों और सामाजिक संस्थाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। बाजारों में व्यापारियों को अपने दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने और किरायेदारों व कर्मचारियों का सत्यापन कराने के लिए जागरूक किया जाए।

# जनसुनवाई में पुलिस उपायुक्त धवल जायसवाल ने सुनी लोगों की समस्याएं



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** आमजन की समस्याओं के निस्तारण के लिए गुरुवार को पुलिस उपायुक्त नगर धवल जायसवाल ने अपने कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान आम नागरिकों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों ने अपनी-अपनी शिकायतें रखीं, जिनमें भूमि विवाद, पारिवारिक झगड़े, साइबर फ्रॉड, सड़क सुरक्षा और अन्य पुलिस संबंधी मामलों की शिकायतें प्रमुख रहीं। डीसीपी जायसवाल ने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेते हुए मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई पुलिस और जनता के बीच संवाद का सेतु है, जिसके माध्यम से लोगों की समस्याओं को न केवल सुना जाता है बल्कि उन्हें प्राथमिकता के आधार पर हल करने की ठोस कार्रवाई भी की जाती है। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही उन्होंने आमजन से अपील की कि वे अपनी समस्याओं को निडर होकर पुलिस से साझा करें, क्योंकि पारदर्शिता और जवाबदेही ही बेहतर पुलिसिंग की पहचान है। जनसुनवाई में आए लोगों ने पुलिस उपायुक्त के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उनके स्तर पर समस्याओं को सुनने और तत्काल कार्यवाही के निर्देश देने से आम जनता का विश्वास पुलिस पर और मजबूत हुआ है।

# गोवर्धन पूजा पर वैशाली और कौशांबी में भक्ति और उत्सव का संगम



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** गोवर्धन पूजा के पावन अवसर पर वैशाली और कौशांबी क्षेत्रों में श्रद्धा और भक्ति का माहौल देखने को मिला। पूर्व पार्षद डॉ. मनोज गोयल ने वैशाली स्थित नारायण भक्ति ज्ञान सत्संग मंडल एवं कौशांबी ए ब्लॉक कॉर्नर संगठन द्वारा आयोजित धार्मिक कार्यक्रमों में भाग लिया और श्रद्धालुओं के साथ पूजा-अर्चना की। वैशाली में गोवर्धन पूजा का कार्यक्रम इस वर्ष विशेष रूप से भव्य रहा। कार्यक्रम स्थल पर सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। हर तरफ दीपों की रोशनी और जय श्रीकृष्ण के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में गोवर्धन पर्वत की प्रतिकृति बनाकर पूजा की और भगवान श्रीकृष्ण की आराधना की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों, व्यापारी संगठनों और सामाजिक कार्यकताओं ने भाग लिया।

प्रमुख रूप से सुभाष शर्मा, नरेंद्र वर्मा, अवधेश कटिहार, संजय सिंह, शिव शंकर उपाध्याय, पी.के. तुली, कैलाश गोयल, प्रदीप सिसोदिया, घनश्याम गुप्ता, देवेंद्र महाजन, राकेश गुप्ता, संजय जैन और श्यामवीर भदौरिया उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर गोवर्धन पर्व की पूजा-अर्चना की और भगवान श्रीकृष्ण से क्षेत्र में सुख-समृद्धि और शांति की कामना की।

पूर्व पार्षद डॉ. मनोज गोयल ने कहा कि गोवर्धन पूजा केवल एक धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और आस्था का प्रतीक है। यह पर्व हमें यह संदेश देता है कि सामूहिक सहयोग और प्रेम से समाज की हर चुनौती का सामना किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि ऐसी धार्मिक-सांस्कृतिक गतिविधियाँ समाज में एकजुटता और सकारात्मकता का भाव जगाती हैं, और हमें अपनी संस्कृति से जुड़े रहने की प्रेरणा देती हैं। कौशांबी ए ब्लॉक में आयोजित कार्यक्रम में भी श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह से भाग लिया। भक्ति गीतों और सत्संग के बीच क्षेत्रीय नागरिकों ने प्रसाद वितरण किया और एक-दूसरे को पर्व की शुभकामनाएँ दीं। डॉ. गोयल ने इस अवसर पर आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज को जोडे का कार्य करते हैं और आने वाली पीढियों को हमारी परंपराओं से परिचित कराते हैं। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं का उत्साह देखने लायक था। जगह-जगह सजावट, दीपों की कतारें और भजन-सत्संग से पूरा क्षेत्र भक्ति रस में डूब गया।

## भैया दूज पर नहीं हो पाया भाई से मिलना, बनारस जाने से पहले गाजियाबाद स्टेशन पर बुजुर्ग महिला की मौत

**गाजियाबाद।** भैया दूज पर भाई को तिलक लगाने के लिए बनारस जा रही एक बुजुर्ग बहन की यात्रा शुरू होने से पहले ही दर्दनाक अंत हो गया। गाजियाबाद रेलवे स्टेशन पर ट्रेन पकडे से कुछ ही मिनट पहले महिला की अचानक तबीयत बिगडे से मौत हो गई। दीपावली के बाद अपने बेटे के साथ घर लौट रहीं इस महिला की आकस्मिक मौत से परिवार और आसपास मौजूद लोगों में शोक की लहर दौड़ गई। जब क्रॉसिंग रिपब्लिक स्थित बुलंद हाइट्स सोसाइटी में रहने वाले राजेंद्र प्रसाद की 65 वर्षीय पत्नी बिंदु श्रीवास्तव अपने बेटे विवेक श्रीवास्तव के साथ काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस से बनारस जाने के लिए गाजियाबाद रेलवे स्टेशन पहुंचीं। जैसे ही दोनों प्लेटफॉर्म की सीढियाँ चढे लगे, बिंदु श्रीवास्तव अचानक बेहोश होकर गिर पड़ीं। महिला के गिरते ही स्टेशन पर अफरातफरी मच गई। बेटे विवेक ने तुरंत मदद के लिए पुकारा। सूचना मिलते ही रेलवे की मेडिकल टीम मौके पर पहुँची और महिला को सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) देकर होश में लाने की कोशिश की, लेकिन उनकी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ। इसके बाद टीम ने महिला को तुरंत एमएमजी जिला अस्पताल की इमरजेंसी में भर्ती कराया, जहाँ डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। अस्पताल में जांच के दौरान डॉक्टरों ने बताया कि मृतका हाई ब्लड प्रेशर और हृदय रोग (कार्डियक डिजीज) से पहले से पीड़ित थीं।

# राष्ट्रपति के स्वागत में गाजियाबाद प्रशासन अलर्ट मोड पर, यशोदा मेडिसिटी के उद्घाटन से पहले चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** रविवार को इंदिरापुरम स्थित नवनिर्मित यशोदा मेडिसिटी अस्पताल के उद्घाटन के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के आगमन को लेकर प्रशासन और पुलिस-प्रशासनिक अमला पूरी तरह सक्रिय हो गया है। शहर में सुरक्षा और यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने के उद्देश्य से बृहस्पतिवार को बड़े पैमाने पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया।

कनावनी पुलिया से लेकर सीआईएसएफ रोड तक सड़क के दोनों किनारों पर प्रशासन की संयुक्त टीमों ने कार्रवाई करते हुए स्थायी और अस्थायी अतिक्रमण को ध्वस्त कराया। अभियान के दौरान सड़क किनारे बनाए गए अवैध ढांचे, ठेले, दुकानों और अवैध पार्किंग स्थलों को हटाया गया। प्रशासन का कहना है कि अब इस मार्ग पर लोगों को अतिक्रमण के कारण लगने वाले जाम से राहत मिलेगी। रविवार को इंदिरापुरम में बनने जा रहे यशोदा मेडिसिटी का उद्घाटन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के हाथों किया जाएगा। इस अवसर पर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। राष्ट्रपति के दौरे को लेकर जिलेभर का प्रशासनिक अमला पूरी तरह सक्रिय है। जिला प्रशासन, पुलिस विभाग और ट्रैफिक पुलिस ने संयुक्त रूप से रूट डायवर्जन, सुरक्षा तैनाती और वीवीआईपी मूवमेंट की तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अधिकारियों के अनुसार, राष्ट्रपति के काफिले के मार्ग को पूरी तरह से साफ-सुथरा, अतिक्रमणमुक्त और सुरक्षित बनाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। यातायात व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखने के लिए विशेष गश्त और अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती भी की जाएगी। अतिक्रमण हटाओ अभियान में यातायात पुलिस, इंदिरापुरम थाने की पुलिस, नगर निगम व राजस्व विभाग की टीमें शामिल रहीं। टीमों ने कनावनी पुलिया से लेकर सीआईएसएफ रोड तक दोनों ओर सड़क किनारे की जगह खाली कराई। कई स्थानों पर लोगों ने पुलिस की चेतावनी के बाद स्वयं ही अतिक्रमण हटा लिया, जबकि कुछ जगहों पर प्रशासन को जेसीबी मशीन की मदद से निर्माण ढहाना पड़ा। एडीसीपी ट्रैफिक सच्चिदानंद ने बताया कि यह अभियान राष्ट्रपति के दौरे के मद्देनजर चलाया गया है, ताकि रूट पूरी तरह से जाममुक्त और व्यवस्थित रहे। उन्होंने कहा कि यह अभियान अब प्रत्येक बृहस्पतिवार को नियमित रूप से चलाया जाएगा और जो लोग दोबारा अतिक्रमण करेंगे, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने बताया कि राष्ट्रपति के आगमन से पहले इंदिरापुरम और आसपास के इलाकों में सुरक्षा की तीन परतें लगाई जाएंगी। कार्यक्रम स्थल के चारों ओर पुलिस, सीआईएसएफ और खुफिया विभाग की टीमें तैनात रहेंगी।

## मिनटों में खाक हो गई जीवन भर की पूंजी

**इंदिरापुरम।** शक्तिखंड दो स्थित चार मंजिला इमारत में लगी आग की जद में पांच फ्लैट आए थे। आग की लपटों में यहां रहने वाले लोगों का लाखों का सामान जला दिया है। तीन दिन पहले सोसायटी में दिवाली की खुशियां थीं जो बृहस्पतिवार को सन्नाटे में बदल गया था। लोग अपनी जमा पूंजी के जल जाने से परेशान रहे। हालांकि इस दौरान सब एक दूसरे को दिलासा भी देते रहे। बृहस्पतिवार को अपार्टमेंट परिसर में सन्नाटा पसरा रहा। लोग फ्लैट की बजाय परिसर में ही बैठे रहे और आग से हुए नुकसान पर एक दूसरे से चर्चा करते रहे। इस दौरान दोपहर दो बजे तक भी बहुत से लोगों ने संचित सामान जल जाने के दुख में खाना नहीं खाया था। अपार्टमेंट में रहने वाली बुजुर्ग महिलाओं ने लोगों को दिलासा दिया और खाने के लिए कहा। सबसे पहले आग की लपटें पहली मंजिल पर रहने वाले दीपक कुमार के फ्लैट में लगी थी। दीपक ने बताया कि बृहस्पतिवार रात करीब आठ बजे कॉलोनी के कुछ लोग नीचे पटाखे फोड़ रहे थे।

# छठ पर्व पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एसीपी रितेश त्रिपाठी ने किया घाट का निरीक्षण

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** आगामी छठ पूजन पर्व को सकुशल, शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है। इसी क्रम में गुरुवार को सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली नगर रितेश त्रिपाठी ने गुरुवार को हिण्डन घाट छठ पूजा स्थल का निरीक्षण कर वहां की सुरक्षा व्यवस्था एवं तैयारियों का विस्तार से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने घाट परिसर, प्रवेश एवं निकास मार्ग, पार्किंग स्थलों, पुलिस पिकेट्स तथा जलस्रोतों के आसपास की स्थिति को बारीकी से देखा। उन्होंने अधीनस्थ पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि पर्व के दौरान निरंतर भ्रमणशील रहकर सतर्कता बनाए रखें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर कड़ी निगरानी रखें। एसीपी त्रिपाठी ने कहा कि छठ पर्व पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के दृष्टिगत यातायात व्यवस्था, पार्किंग और भीड़ नियंत्रण पर विशेष ध्यान रखा जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि घाट पर आने-जाने वाले सभी मार्गों पर पुलिस कर्मी तैनात रहें और व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। उन्होंने कहा कि महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए महिला पुलिस कर्मियों की पर्याप्त संख्या में ड्यूटी लगाई गई है। साथ ही ड्रोन कैमरों और सीसीटीवी निगरानी से पूरे क्षेत्र की मॉनिटरिंग की जाएगी, जिससे किसी भी संभावित अव्यवस्था या सुरक्षा जोखिम को समय रहते रोका जा सके। एसीपी त्रिपाठी ने नगर निगम व जल विभाग के अधिकारियों के साथ मिलकर घाट परिसर की साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था और बैरिकेडिंग का भी निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था की जाए तथा आपात स्थिति में राहत दलों को तुरंत सक्रिय किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रशासन एवं पुलिस का लक्ष्य केवल सुरक्षा सुनिश्चित करना नहीं, बल्कि श्रद्धालुओं को सुव्यवस्थित और श्रद्धामय वातावरण प्रदान करना भी है। उन्होंने मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी छोटी शिकायत पर भी तत्काल प्रतिक्रिया दी जाए और सहायता के लिए पुलिस हेल्प डेस्क चौबीसों घंटे सक्रिय रहे।

# 26 अक्टूबर को पिंक वॉक से जागेगा ब्रैस्ट कैंसर के प्रति समाजिक जागरूकता

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** यशोदा सुपरस्पेशियलिटी हॉस्पिटल एंड कैंसर इंस्टीट्यूट, संजय नगर में 26 अक्टूबर (रविवार) को ब्रैस्ट कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए द पिंक वॉक का आयोजन करेगा। यह वॉकथॉन जी.डी. गोयंका पब्लिक स्कूल, राजनगर एक्सटेंशन से शुरू होकर यशोदा हॉस्पिटल तक जाएगी। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सभी लोगों, विशेषकर महिलाओं, को समय पर ब्रैस्ट कैंसर की पहचान और स्क्रीनिंग के महत्व के बारे में जागरूक करना है। वॉकथॉन की शुरूआत यशोदा अस्पताल की विशेषज्ञ फिजियोथेरेपी टीम द्वारा मूवमेंट मेडली के साथ होगी, जबकि समापन पर बॉलीवुड जुम्बा और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ब्रैस्ट कैंसर के प्रति समाज में फैली भ्रांतियों और डर को दूर करने का प्रयास किया जाएगा। यशोदा हॉस्पिटल ने महिलाओं के लिए अक्टूबर माह में विशेष मैमोग्राफी कूपन भी जारी किए हैं, जो पूरे महीने वैध रहेंगे और महिलाओं को समय पर स्क्रीनिंग करवाने के लिए प्रेरित करेंगे। यशोदा हेल्थकेयर ग्रुप के चेयरमैन डॉ. दिनेश अरोड़ा ने कहा कि हर साल लगभग 15 प्रतिशत महिलाएं ब्रैस्ट कैंसर से प्रभावित होती हैं। उन्होंने बताया कि यदि यह बीमारी शुरूआती चरण में पहचानी जाए तो इसका इलाज पूरी तरह संभव है।

# भाई दूज पर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की भारी भीड़, ट्रेन पकडे को हुई खचाखच और धक्का-मुक्की

**गाजियाबाद।** भाई दूज के मौके पर गुरुवार को गाजियाबाद रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। लोग अपने घरों में भाई-बहन के साथ त्योहार मनाने की जल्दी में सुबह से ही स्टेशन पर जमा होने लगे। प्लेटफॉर्म पर ऐसा दृश्य नजर आया मानो हर ट्रेन में सवार होने के लिए एक-दूसरे से प्रतिस्पर्धा हो रही हो। मुरादाबाद, हापुड़, बुलंदशहर, अलीगढ़, ढूंडला, इटावा, लखनऊ, कानपुर, वाराणसी और प्रयागराज जैसी दूर-दराज की जगहों की ओर जाने वाली ट्रेनें यात्रियों से खचाखच भरी हुई थीं। जैसे ही ट्रेन प्लेटफॉर्म पर ठहरती, यात्री उसमें सवार होने के लिए दौड़ पड़ते। कई बार ट्रेन के गेट पर इतनी भीड़ जमा हो गई कि यात्रियों को पैरों के बल खड़े होने और आपातकालीन खिड़की से चढ? तक का सहारा लेना पड़ा। यात्री जल्दी से जल्दी अपनी सीट तक पहुंचना चाहते थे, लेकिन भीड़ के कारण यह आसान नहीं था। काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस, गोमती एक्सप्रेस, कलिंगा उत्कल, आला हजरत एक्सप्रेस, हजरत निजामुद्दीन पटना स्पेशल और गाजियाबाद-पलवल डीएमयू जैसी कई ट्रेनें यात्रियों से पूरी तरह भरी हुई थीं। रेलवे सुरक्षा बल के जवानों ने स्थिति को संभाला और प्लेटफॉर्म पर जमा भीड़ को नियंत्रित किया। यात्रियों को व्यवस्थित तरीके से ट्रेन में चढ़ाने में मदद की। इसके अलावा, स्टेशन पर महिला और पुरुष जवान ट्रेन के अंदर भी नियमित निगरानी रख रहे थे, ताकि यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। भाई दूज पर घर जाने वाले कई यात्री जनरल टिकट पर यात्रा कर रहे थे। ज्यादातर ट्रेनें फुल थीं और वेटिंग लिस्ट भी लंबी होने के कारण लोगों को जनरल टिकट लेना पड़ा।

